आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 229 ● कटनी ● गुरुवार, 22 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

20 साल के हाई पर डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी। डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को रुपया 80.27 पर खुला और शुरुआती ट्रेंड में यह 80.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ डॉलर 20 साल के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बता दें, बुधवार को एक डॉलर की कीमत 79.98 रुपये थी। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत गिरने की एक बड़ी वजह यूएस फेड के द्वारा ब्याज दरों को बढ़ाया जाना है। बुधवार को यूएस फेड ने मंहगाई को नियंत्रित करने के 0.75 बेसिस प्वाइंट ब्याज दर बढ़ाया था। इससे पहले जुलाई में भी यूएस फेड के द्वारा ब्याज दरों में इजाफा किया गया था। बता दें, रुपये की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए केंद्रीय बैंक ने जुलाई में 19 अरब डॉलर के रिजर्व को बेच दिया था। लेकिन स्थिति बहुत बेहतर नहीं हुई है। समाचार एजेंसी को नाम ना छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया, बाजार के बुनियादी अनुरूप कमजोर रुपया हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। अधिकारी के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए काफी मददगार साबित होगा। इससे इंपोर्ट घटेगा और एक्सपोर्ट बढ़ेंगा। हालांकि, इस पूरे मसले पर अभी वित्त मंत्रालय ने कोई कमेंट नहीं किया है।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.88 प्रतिशत चढ़कर 111.61 पर आ गया।

NIA का सबसे बड़ा ऑपरेशन

गृहमंत्री की पैनी नजर : टेररलिंक पर दबिश, 100 से ज्यादा गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम/चेन्नई , एजेंसी। आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए आज राष्ट्रीय जांच एजेंसी(NIA)और प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने तमिलनाडु, केरल समेत 13 राज्यों में PFI के ठिकानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिन राज्यों में एनआईए ने छापेमारी की है उनमें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, असम, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र शामिल हैं। पीएफआई और उससे जुड़े लोगों की ट्रेनिंग गतिविधियों, टेरर फंडिंग और लोगों को संगठन से जोड़ने के खिलाफ ये अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने PFI पर एनआईए के छापे को लेकर NS, गृह सचिव, डीजी एनआईए सहित अधिकारियों के साथ बैठक की। NIA और ED ने मलप्पुरम जिले के मंजेरी में पीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष OMA सलाम के अलावा PFI के दिल्ली हेड परवेज अहमद के घर पर छापेमारी की और गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान क्क्नद्ध कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा कर्नाटक के मंगलुरु में भी NI की छापेमारी के खिलाफ क्क्नद्ध और SDPI के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि इन्हें हिरासत में ले लिया गया है। मध्यप्रदेश के इंदौर और उज्जैन में एनआइए ने पीएफआइ के ठिकानों पर मारा छापा है। पीएफआइ के मध्य प्रदेश लीडर को गिरफ्तार किया गया। चार नेता इंदौर और उज्जैन से गिरफ्तार किए गए।पीएफआई के राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर के नेताओं के घरों पर छापेमारी हो रही है। राज्य समिति कार्यालय पर भी छापेमारी की जा रही है। संगठन ने एक बयान में कहा कि असहमति की आवाज को दबाने के लिए फासीवादी शासन द्वारा एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल करने के कदमों का हम कड़ा विरोध करते हैं। एनआईए के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पार्टी कार्यालय पर छापेमारी की। पीएफआई के 50 से ज्यादा सदस्यों ने एनआईए की छापेमारी के खिलाफ पार्टी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।असम पुलिस ने राज्य भर में पीएफआई से जुड़े नौ लोगों को हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि, कल रात असम पुलिस और एनआईए ने संयुक्त रूप से गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में अभियान चलाया और पीएफआई से जुड़े राज्य भर में 9 लोगों को हिरासत में लिया। चार्जशीट में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमें के ए रऊफ शेरिफ, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतीकुर रहमान, दिल्ली स्थित सीएफआई के महासचिव मसूद अहमद, पीएफआई से जुड़े पत्रकार सिद्दीकी कप्पन और मोहम्मद आलम के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी

30 सितंबर तक नामांकन, जरूरत पड़ी तो 17 अक्टूबर को मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री ने अध्यक्ष चुनाव के लिए गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। अगर एक से अधिक कांग्रेस नेता ने नामांकन दाखिल किया तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा और 19 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। मौजूदा स्थिति की बात करें तो कांग्रेस सांसद शशि थरूर और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत चुनावी दौड़ में हैं। मिस्त्री ने कहा कि कोई भी प्रतिनिधि नामांकन दाखिल कर सकता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से बुधवार शाम दो घंटे बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, यह पता नहीं चल पाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनिया ने इतना ही कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए इस चुनाव में वे किसी का फेवर नहीं करेंगीं। उधर, गहलोत गुरुवार को राहुल गांधी से मिलने कोच्चि भी जाएंगे।गहलोत गुरुवार को राहुल गांधी से मिलने कोच्चि भी जाएंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, %मैं एक बार और प्रयास कर रहा हूं राहुल गांधी को अध्यक्ष पद के लिए मनाने का। राहुल गांधी के हां या ना कहने पर ही मैं वापस आऊंगा। इसके बाद अब आगे का मूवमेंट तय होगा।सीएम और अध्यक्ष दोनों पदों पर रहने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि समय बताएगा कि मैं कहा रहूंगा, कहां नहीं रहूंगा। एक पद, एक व्यक्ति फॉर्मूला पर उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा तो ये है कि मैं किसी पद पर न रहूं, क्योंकि मैं बहुत पद पर रह चुका हूं। मेरे उपस्थिति से पार्टी को फायदा होना चाहिए, कांग्रेस मजबूत होनी चाहिए, मैं यह चाहता हूं। गहलोत ने कहा कि इतने सालों में पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है।, सांसद शशि थरूर सुबह कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे और सेंट्रल इलेक्शन ऑथोरिटी से मुलाकात की।

EWS कोटे पर SC में बोली सरकार

सामान्य वर्ग के 35 फीसदी भूमिहीन, 5.8 करोड़ BPL

नई दिल्ली, एजेंसी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मिलने वाले 10 फीसदी EWS कोटे को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में इन दिनों जोरदार बहस चल रही है। एक तरफ इस आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं में कहा गया है कि यह व्यवस्था संविधान के ही खिलाफ है। वहीं सरकार ने अदालत में कहा है कि संविधान में कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं है कि आरक्षण का आधार आर्थिक नहीं हो सकता। यही नहीं इस सिलसिले में बुधवार को जवाब देते हुए अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहाता ने कहा कि इस कोटे के लिए

संविधान में किया गया 103वां संशोधन पूरी तरह से सही है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान के ही आर्टिकल 46 के तहत किया गया है, जिसमें यह कहा गया है कि कमजोर वर्ग के लोगों के शैक्षणिक और आर्थिक हितों के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए। यही नहीं सरकार का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ वकीलों ने कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटे से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि उनका कोटा जस का तस बना रहेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 फीसदी का कोटा उस 50 पर्सेंट में से दिया गया है, जो अनारक्षित सीटों के लिए हैं। एक अग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान सरकार ने बड़ा डेटा देते हुए कहा कि सामान्य वर्ग के 5.8 करोड़ लोग देश में गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसके अलावा सामान्य वर्ग के 35 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो भूमिहीन हैं और यह कोटा उनके लिए ही है।

छात्राओं की कॉपी में टीचर ने लिखा मीट मी आई लव यू

भोपाल, ईएमएस। गुरु-शिष्य के रिश्ते को कलंकित करने का एक मामला मंडीदीप में सामने आया है। जहां टीचर ने नाबालिग छात्राओं की कॉपी मेंज्मीट मी, आई लव यूज लिख दिया। बच्चियों ने जब इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी तो बवाल मच गया। घटना जिले के मंडीदीप के निजी स्कूल की है। यहां कथित तौर पर ईसाई टीचर ने हिंदू छात्राओं की कॉपी में मीट मी, आई लव यूज लिखा है।छात्राओं ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। उनके परिवारवाले स्कूल पहुंच गए और प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। अधिकारी बड़े ग्रुप का स्कूल होने की वजह से कार्रवाई से बचते हुए दिखे। टीचर ने कॉपी में जो आपत्तिजनक शब्द लिखे थे उसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि टीचर ने उनकी बच्चियों की कॉपी में आपत्तिजनक शब्द लिखे हैं। परिजनों ने बताया कि पीड़ित बच्चियां रोते हुए घर आईं और अपनी आपबीती बताई। इसके बाद वो स्कूल पहुंचे और शिक्षक को बुलाने की मां की। लेकिन स्कूल-प्रबंधन ने इसपर कुछ भी बोलने से मना कर दिया। शिक्षक की इस करतूत पर परिजनों ने स्कूल पहुंच हंगामा किया। इस दौरान वहां प्रधान और पुलिस अधिकारी भी पहुंचे।

केला न मिलने से नाराज हाथी ने महावत की ली जान

सिवनी ,यशभारत। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में एक मादा हाथी ने महावत को पटक कर मार डाला। पुलिस ने बताया कि महावत के केला न खिलाने की वजह से हाथी ने ऐसा किया। यह घटना सिवनी जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर बंडोल थाना क्षेत्र के राहीवाड़ा गांव की है।बंडोल के पुलिस स्टेशन इंचार्ज दिलीप पंचेश्वर ने बताया कि महावत भरत वासुदेव (55) अपने कुछ साथियों के साथ 20 साल की हाथी 'हीरा' के साथ भिक्षा मांगता था। पुलिस के अनुसार जब महावत हाथी के साथ सड़क पर चल रहा था तो एक ट्रक वाला उसे देख कर रुक गया। उस ट्रक में केले रखे हुए थे। ट्रक के ड्राइवर ने महावत को हाथी को केला खिलाने के लिए ट्रक से निकाल कर कुछ केले दिए। महावत ने ट्रक ड्राइवर से केला लेकर उसे हाथी को नहीं दिया। हाथी यह देखकर नाराज हो गई। उसने महावत को सूंड से उठाकर सड़क पर पटक दिया। महावत हाथी का यह प्रहार संभाल नहीं सका और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।महावत को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महावत के बाकी साथियों ने कहा कि महावत का हाथी हीरा पहले ऐसा कभी नहीं किया था। उन लोगों को हाथी के इस हरकत पर यकीन नहीं हो रहा है।

जशपुर में बस पलटी 3 की मौत 6 घायल

जशपुर , ईएमएस। छत्तीसगढ़ में पाठलगांव से अंबिकापुर जा रही बस जशपुर में पलट गई। बस ड्राइवर ने गलत दिशा से आ रही बाइक को बचाने की कोशिश की, लेकिन बस पलट गई। हादसे में दोनों बाइक सवारों और 1 बस पैसेंजर की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हुए हैं।

गोरखपुर में कॉलेज की एक निर्माणाधीन छत गिरी, 1 की मौत

गोरखपुर ,ईएमएस। यूपी के गोरखपुर में बुधवार शाम इस्लामिया कॉलेज की छत गिरने से तीन मजदूर दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो लोगों बचा लिया गया है। स्क्कगौरव ग्रोवर ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फायर सर्विस की टीम, ह्यक्त्रन्न और स्क्तक्त्रन्न की टीम पहुंच गईं। घायल को अस्पताल भेजा गया है। ग्रोवर ने कहा कि हादसे कैसे हुआ, इसकी जांच चल रही है।

डोंबिवली में दीवार गिरी, दो की मौत और तीन घायल

डोंबिवली , ईएमएस। महाराष्ट्र के डोंबिवली में निर्माण के दौरान दीवार गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह दीवार डोंबिवली रेलवे लाइन के किनारे बनाई जा रही थी। दीवार बनाने का काम शुरू करते ही यह गिर गई।

पत्नी ने पिया तेजाब, तुम बिन जी नहीं सकते कहकर पति भी पी गया बचा हुआ एसिड

सीतापुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में दोनों ने तेजाब पीकर जान देने की कोशिश की है। गम्भीर हालत में दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। मामला मंगलवार का है।थाना हरगांव निवासी युवक राजकुमार अपनी ससुराल थाना इमलिया सुल्तानपुर के दौलतपुर गावं गया था। वहीं पति-पत्नी में दिल्ली जाने को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के चलते विवाहिता ने तेजाब पी लिया। इसके बाद तुम बिन नहीं जी सकता कह कर बचे हुए तेजाब को पति ने भी पी लिया। जिसके कारण दोनों की हालत नाजुक हो गई। मायके के लोगों द्वारा आनन फानन अपनी पुत्री व दामाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान दोनों की हालत को नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर भर्ती करा दिया। हालत नाजुक बताई जा रही है। दोनों के बीच दिल्ली जाने को लेकर नोकझोंक हुई थी। पुलिस को देर में सूचना मिली है अभी किसी तरफ से तहरीर नहीं दी गई है।

सोपोर में लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार, चीन में बने हथियार बरामद

श्रीनगर ,एजेंसी। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर में बुधवार की देर रात सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-ताइबा के दो हाइब्रिड आतंकियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पिस्तौल, चीन निर्मित ग्रेनेड तथा गोलियां बरामद की गई हैं। पकड़े गए दोनों आतंकियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आतंकियों की शिनाख्त बटिंगू निवासी इम्तियाज अहमद गनेई व वसीम अहमद लोन के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे लश्कर के लिए हाइब्रिड आतंकी तथा ओवर ग्राउंड वर्कर के रूप में काम करते हैं। सोपोर के ब्रथ कलां निवासी सक्रिय आतंकी बिलाल हमजा मीर के इशारे पर वे सोपोर व आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों तथा नागरिकों पर हमले की फिराक में थे। आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर बटिंगू गांव की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान एक सेब के बगीचे में दो संदिग्ध हरकत दिखे। दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

मुंबई में पंचतत्व में विलीन हुए कामेडियन राजू श्रीवास्तव

मुंबई, एजेंसी। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। गुरुवार को दिल्ली के निगमबोध शमशान पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके फैमिली मेंबर्स, सुनील पाल, एसान कुरेशी, मधुर भंडारकर, समेत कई सेलेब्स मौजूद रहे। आज सुबह 9.30 बजे दिल्ली के दशरथपुर, द्वारिका से उनकी शवयात्रा शुरू हुई थी, ये राजू के भाई का घर है। इसमें बड़ी संख्या में राजू के फैंस भी शामिल हुए। डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद आखिरकार 21 सितंबर को 58 साल की उम्र में राजू का निधन हो गया। उ।को 10 अगस्त को एक्सरसाइज करते हुए हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद से ही वो दिल्ली एम्स में 42 दिनों से एडमिट थे। इलाज के दौरान उनकी हालत स्थिर हुई। कल अचानक उनकी हालत फिर बिगड़ गई थी। अंतिम यात्रा के लिए परिजनों के अलावा, कई रिश्तेदार, नेता और सेलिब्रिटीज भी राजू के घर पहुंचे।

भाजपा ने निकाली सत्ता विरोधी लहर की काट

आधे से ज्यादा चेहरे को बदल सकती है पार्टी

बनाया खास प्लान

नई दिल्ली ,एजेंसी। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए आधे से ज्यादा चेहरों को बदल सकती है। इसके पहले बीते साल पार्टी ने पूरी सरकार को ही बदल दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से गुजरात भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लगातार गुजरात के दौरे पर चुनावी तैयारियों को मजबूत कर रहा है। गुजरात में भाजपा बीते 27 साल से लगातार सत्ता में है। ऐसे में सत्ता विरोधी माहौल का होना स्वाभाविक भी है। बीते साल जब कोरोना महामारी को लेकर तमाम शिकायतें सामने आई थी, तो पार्टी ने बिना देर किए मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत अपनी पूरी सरकार को ही बदल दिया था। ताकि जनता में सरकार के प्रति नाराजगी को खत्म किया जा सके। अब जबकि पार्टी

को विधानसभा चुनाव में जाना है तब पार्टी हर क्षेत्र का व्यापक फीडबैक हासिल कर रही है।भाजपा राज्य में आधे नए चेहरे उतार सकती है। पार्टी युवा चेहरों को मौका देगी पर अनुभवी को भी चुनाव मैदान में उतारेगी। सूत्रों के अनुसार, 75 वर्ष से ज्यादा उम्र का कोई प्रत्याशी नहीं होगा। पर अपवाद स्वरूप एक-दो स्थानों पर ऐसे प्रत्याशी हो सकते हैं। बीते चुनाव में भाजपा को 182 सदस्यीय विधानसभा में 99 सीटें मिली थी और बाद में दूसरे दलों के कुछ विधायक भी पार्टी में शामिल हुए। पार्टी की कोशिश नए चेहरों के साथ जनता में जाने की है ताकि जीत का प्रतिशत बढ़ सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वह एक-एक क्षेत्र से पूरी तरह वाकिफ हैं। ऐसे में वह खुद भी हर क्षेत्र का फीडबैक जुटा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी लगातार गुजरात के दौरे, संगठन और चुनावी रणनीति को मजबूती देने में जुटे हुए हैं। हालांकि विपक्ष में कांग्रेस कमजोर है और आम आदमी पार्टी अभी दस्तक दे रही है। लेकिन भाजपा चुनावी चुनौती को किसी भी रूप से कमजोर नहीं मानती है।चुनाव में पार्टी की रणनीति प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे के इर्द-गिर्द ही रहेगी। नड्डा ने भी अपने हाल के दौरे में कार्यकर्ताओं के बीच साफ किया कि हमें अपने लक्ष्य से नहीं डिगना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो काम कर रहे हैं उसको लगातार आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात एक करते हुए गुजरात समेत पूरे भारत का दुनिया में मान बढ़ा रहे हैं। उनके बताए रास्ते पर अपने-अपने क्षेत्र, प्रदेश और राष्ट्र के विकास में अपनी आहुति देनी है ।

सतर्कता ही फ्लू से बचाव, बच्चे व गंभीर बीमार रहें सावधान

जबलपुर यश भारत। बरसात के मौसम में बैक्टीरिया के चलते फ्लू सक्रिय हो जाता है और यह समस्या हर साल आती है। यह ऐसा वायरस है जो आसानी से एक दूसरे के शरीर में प्रवेश कर जाता है और फिर बीमारी का कारण बनता है। ऐसे में लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ कोरोना के समय अपनाए गए उपायों का भी पालन करना चाहिए। खासतौर पर बच्चों और गंभीर बीमारी वाले लोगों को इसमें विशेष सतर्कता रखने की आवश्यकता है। यह कहना है डॉक्टर ऋषि डॉवर का जो प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में विशेष चर्चा कर रहे थे। जिसे आप विस्तार से यश भारत न्यूज़ चैनल व अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स देख सकते हैं।

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

इस मौसम में बढ़ती है बीमारी

चर्चा की शुरुआत में डॉक्टर ऋषि डॉवर ने बताया कि बरसात के मौसम में बैक्टीरिया सर्वाधिक बढ़ जाता है। यह फ्लू की सक्रियता के लिए सबसे सहायक मौसम होता है । मौसम में नमी के चलते ब्लू आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के शरीर में ड्रॉपलेट के माध्यम से सरवाइव कर जाता है। जबकि गर्मी के मौसम में बैक्टीरिया आसानी से नहीं बढ़ पाता। बरसात के समय सर्वाधिक फ्लू के मरीज सामने आ रहे हैं। वैसे तो फ्लू के 4 टाइप होते हैं ए बी ,सी ,डी लेकिन इस समय ए टाइप का वायरस सर्वाधिक सक्रिय है जो एच 1,एन 1 के नाम से जाना जाता है। जिससे अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

फेफड़े होते हैं प्रभावित

कोरोना वायरस की तरह इसमें भी फेफड़ों पर असर पड़ता है। जिस कारण मरीज में कफ की मात्रा बढ़ जाती है । लेकिन यह वायरस कोरोना वायरस से अलग है , जिसके एक बार होने के बाद दोबारा होने की संभावना बनी रहती है। इस कारण जिन लोगों के फेफड़े कमजोर हैं या उन्हें दमे की बीमारी है उनके लिए तो ये बीमारियां अधिक घातक होती हैं । जिसके बचाव के लिए टेमीफ्लू जैसी दवाएं उपयोग में ली जाती हैं। लेकिन यह दवाएं बुखार आने के 48 घंटे के भीतर दी जाएं तो ज्यादा कारगर होती हैं । लेकिन एक सामान्य बुखार के लक्षण वाले मरीज को यदि 500 से 800 रुपए की दवा डॉक्टर लिखता है तो यह बहुत महंगी हो जाती है। मरीज भी इसे लेने में कतराता है। जिस कारण सरकार को इस विषय में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

कोविड-19 प्रोटोकॉल ही फ्लू से बचाव का उपाय

यश भारत प्राइम टाइम में संचालक आशीष शुक्ला से डॉक्टर ऋषि डॉवर की विशेष चर्चा में

बच्चों पर ज्यादा असर

मौसम में बदलाव के साथ बच्चों में सामान्य फ्लू के लक्षण तो आते ही हैं, लेकिन कभी-कभी यह फ्लू स्वाईन फ्लू या फिर निमोनिया का रूप भी धारण कर लेता है। जिससे बच्चों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में सामान्य लक्षण दिखने पर बच्चे को तत्काल उपचार देना चाहिए नहीं तो यह जल्द ही निमोनिया का रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा जो लोग लीवर, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं उन्हें खास बचाव की आवश्यकता होती हैं क्योंकि यदि ये फ्लू की चपेट में आते हैं तो फिर गंभीर समस्या हो जाती है । ऐसे लोगों की मृत्यु दर भी काफी अधिक है।

ऐसे करें बचाव

चर्चा के दौरान कार्यक्रम के संचालक आशीष शुक्ला द्वारा फ्लू संबंधित बीमारियों के बचाव के बारे में पूछा गया जिसके जवाब में डॉ ऋषि डॉवर ने बताया कि फ्लू से बचने के लिए सबसे प्रमुख है कोविड-19 में अपनाए गए प्रोटोकॉल का पालन करना। याने सोशल डिस्टेंसिंग हैंड सैनिटाइजर और माश्क का प्रयोग। इसके अलावा हर साल फ्लू से बचने के लिए अलग-अलग टीके आते हैं। जिन्हें लोगों को हर साल लगवा लेना चाहिए। भारत में अभी इस तरह की व्यवस्था नहीं है लेकिन यूरोपियन देशों में फ्लू के टीके सरकार द्वारा अनिवार्य करे गए हैं।

श्री राम विवाह के सुंदर प्रसंग के लिए सज रहा गोलबाजार

आज धनुषयज्ञ की लीला का सुंदर मंचन

कटनी,यशभारत। शहर में सवा सौ से अधिक वर्षों से राम के आदर्शों को आत्मसात करा रही श्री गोलबाजार रामलीला में कल मारीच वध की लीला के बाद आज पुष्प वाटिका की सुंदर लीला का मंचन महाकोशल की प्रसिद्ध श्री हनुमान विजय रामलीला के कलाकारों द्वार किया जाएगा इसके बाद धनुषयज्ञ की लीला होगी। कल लीला में राजा जनक के यहां पहुंचे राम लखन भरत शत्रुघ्न का जनक जी के यहां स्वागत हुआ। मंचन को सजीवता प्रदान करने के लिए यहां विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कमेटी के भरत अग्रवाल अध्यक्ष रणवीर कर्ण, उपाध्यक्ष रवि खरे, आशुतोष शुक्ला ,संतोष अग्रवाल ,श्रीकान्त गर्ग, शरद अग्रवाल, सचिन तिवारी, सिब्बू साहू, धर्मेन्द्र तिवारी, अखिल पाण्डे , मनीष दुबे, अवधेश उरमलिया, अम्बू वर्मा सजंय गिरि, रामजी यादव, अंतिम गुप्ता, विजय ठाकुर, नीरज अग्रवाल, बालमीक पाण्डे, रोहित सेन, भोला रजक आदि मौजूद रहे। इस वर्ष गोलबाजार में सुंदर शीशमहल भी बनाया जाएगा जिसके लिए बाहर से आये कलाकार तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। गोलबाजार में इस वर्ष मुंबई से आये कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। रामलीला मंडली के पं. सुनील तिवारी, प्रदीप तिवारी, के निर्देशन में रामलीला को भव्यता प्रदान की जा रही है। कमेटी ने लोगों से अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर राम के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है।

... तो 90 प्रतिशत अस्पताल बंद हो जाएंगे
अस्पताल संचालकों ने लगाई गुहार

फायर सेफ्टी दे रही टेंशन, विधायक व कलेक्टर के साथ अस्पताल वालों की बैठक

कठनी, यशभारत। प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ फायर सेफ्टी नियमों का पालन न करने पर 10 अस्पतालों में मरीज भर्ती करने पर रोक लगाई गई है। कार्रवाई के विरोध में कटनी नर्सिंग होम एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई थी। वहीं मंगलवार को इस मामले को लेकर कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक संदीप जायसवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, प्राइवेट अस्पतालों के संचालक, नगरनिगम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अस्पताल संचालकों ने कहा कि शासन द्वारा तय मापदंड के अनुसार अस्पताल का संचालन करना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में 90 प्रतिशत अस्पताल बंद हो जाएंगे। इस दौरान यह भी चर्चा हुई कि जब अस्पतालों को व्यवसायिक नहीं माना जा रहा है तो फिर नर्सिंग होम और अस्पतालों को अलग-अलग मानकों में क्यों माना जा रहा है। अस्पताल संचालकों ने नियमों को पूरा करने के लिए कलेक्टर सहित अन्य विभाग से दो माह की मोहलत मांगी है। दूसरी ओर बैठक में अधिकारियों ने कहा कि शासन स्तर के जो आदेश हैं तो उनका पालन करना होगा। इस मामले में कलेक्टर ने फायर ऑडिट रिपोर्ट के साथ अस्पताल संचालकों से आवेदन देने कहा है। दूसरी ओर अस्पतालों की मानचित्र के अनुसार नगरनिगम फिर से जांच करेगी। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुडिया, आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे भी मौजूद रहे।

इन अस्पतालों में है मरीजों की भर्ती पर रोक

कटनी में चंद अस्पतालों को छोड़कर शेष में फायर सेफ्टी को लेकर इंतजाम नहीं हैं। कलेक्टर के निर्देश पर फायर सेफ्टी नियमों का पालन न करने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर की 10 निजी अस्पतालों में मरीजों की भर्ती पर रोक लगाई गई है। इसमें ओमशांति आदर्श कॉलोनी, जीवन ज्योति माधवनगर, नव जीवन कोतवाली क्षेत्र, श्रीराम मल्टी हीरागंज, डॉ. हरचंदानी नई बस्ती, डॉ. रूपा नई बस्ती लालवानी, अपना नर्सिंग नई बस्ती, लाइफ केयर हॉस्पिटल माधवनगर, बाबा माधवशाह हास्पिटल, डॉ. राकेश रंजन हॉस्पिटल आदर्श कॉलोनी में मरीजों की भर्ती पर रोक लगाई गई है।

नए भवन में संचालित होगा नवीन बालक छात्रावास

कटनी,यशभारत। विगत दिनों जारी आदेश में शासकीय जनजातीय नवीन महाविद्यालयीन बालक छात्रावास खिरहनी रोशन नगर को तिलक कालेज के पास स्थित कन्या शिक्षा परिसर के रिक्त हुये भवन में पृथक से संचालित करने के निर्देश जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण द्वारा दिए गए है। बताया गया है, कि विगत कुछ समय से भारी असुविधा के मध्य नवीन आदिवासी बालक महाविद्यालय का छात्रावास, शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास खिरहनी रोशननगर में एक ही भवन में संचालित हो रहा था। सीमित संसाधन वाले भवन में दो-दो छात्रावासों का संचालन ठीक ढ़ंग से न हो पाने के कारण काफी समय से दोनों छात्रावासों को पृथक-पृथक भवन में संचालित करने की मांग की जा रही थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस विषय पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। छात्रों की परेशानी को देखते हुए कर्मचारी नेता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा जिला संयोजक आदिम जाति कार्य विभाग कटनी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया गया। जिला संयोजक को श्री राजपूत ने बताया कि 50 सीटर क्षमता वाले सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास खिरहनी में क्षमता से दुगने को रखना उनके भविष्य से खिलवाड़ करना है। इससे दोनों छात्रावासों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की भी आशंका है। इस समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा छात्रावास पृथक-पृथक भवन में लगाए जाने के आदेश जारी किए गए।

खून बंद करने 108 एंबूलेंस के स्टाफ को दिया जाएगा प्रशिक्षण

कटनी,यशभारत। सड़क हादसों में घायल लोगों को कई बार 108 एंबुलेंस वाहन देर से पहुंचने पर डॉयल-100 वाहनों से अस्पताल पहुंचाया जाता है। डॉयल-100 में मौजूद स्टॉफ के पास खून से लथपथ घायल के प्राथमिक उपचार के लिए न तो पर्याप्त संसाधन होते हैं और न ही प्राथमिक उपचार के लिए ज्ञान। ऐसी स्थिति में घायल का रक्तस्त्राव रोकने पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग कभी गमछा तो कभी किसी कपड़े का उपयोग चोटिल अंग में करते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

डॉयल-100 में मौजूद स्टॉफ अब जरूरत पडने पर घायलों का प्राथमिक उपचार भी कर सकेगा। उल्लेखनीय है कि शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कई बार 108 को फोन न लगने व एंबुलेंस देरी से आने पर घायलों को पुलिस त्वरित उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाती है। कई बार अधिक रक्तस्त्राव होने व रास्ते में प्राथमिक उपचार न होने के कारण घायल की जान पर बन आती है। ऐसी स्थिति में पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता लंबे समय से थी।

दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिले के 20 डॉयल-100 वाहनों के चालकों व स्टॉफ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया जाएगा और आवश्यकतानुसार घायल की मदद किस तरह की जा सकती है, यह भी सिखाया जाएगा।

रेडक्रॉस सोसाइटी उपलब्ध कराएगी किट

रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा इस मामले में पहल करते हुए डॉयल-100 वाहनों को मेडिकल किट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। सोसाइटी के चेयरमैन सीए सुशील शर्मा ने बताया कि सोसाइटी सदस्य सारंग बजाज द्वारा वाहनों को मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

जिन बसों से छात्राएं स्कूल जाती हैं, उनमें शिक्षित व प्रशिक्षित परिचालिका होना जरूरी

कटनी,यशभारत। भोपाल की घटना के बाद हरकत में आये शासन प्रशासन की स्कूली बसों को लेकर कार्रवाई जारी है। एक दिन पहले जहां बसों की जांच हुई तो वहीं कल जिला परिवहन कार्यालय में सोमवार को स्कूल प्रबंधन एवं स्कूल बस संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों के संचालन के लिए तय मानकों की जानकारी दी। एआरटीओ दुबे ने बैठक में बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान सभी मापदंडों का पालन नहीं करने वाले बस व बस संचालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 की धाराओं सहित अन्य धाराओं में और शैक्षणिक संस्थाओं के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान सभी को लिखित में भी दिशा-निर्देश और पालन किए जाने वाले बिंदुओं की चेकलिस्ट भी दी गई। बैठक में एआरटीओ ने कहा कि जिन बसों से छात्राएं स्कूल जाती हैं, उनमें शिक्षित व प्रशिक्षित परिचालिका हो, मतलब महिला स्टॉफ हो। स्कूल संचालकों द्वारा एक ट्रांसपोर्टर मैनेजर की नियुक्ति होना चाहिए जो बच्चों की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी हो। बस में पैनिक बटन भी हो ताकि आवश्यकता पर इसका उपयोग हो सके। बैठक में स्कूल के संचालक व बस संचालक एवं ऑपरेटर्स और जितेन्द्र सिंह बघेल एवं त्रिदीप घोष मौजूद रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 23 से
दोपहर 12.30 एवं सायं 6.30 बजे से

ब्रह्मास्त्र
कलाकार- अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणवीर कपूर, मौनी राय आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 23 से
सायं 4 एवं रात्रि 10.00 बजे से

सीता रमम
कलाकार- दलकर सलमान, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना, सुमंत आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से

चुप
राष्ट्रीय सिनेमा दिवस 23 सितंबर के दिन दर्शक 75/- रुपये में शो देख सकते हैं, बुकिंग चालू है।
कलाकार- सनी देओल, दलकर सलमान, श्रेया धनवंतनी, पूजा भट्ट आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सांसद विवेक तनखा के जन्मदिन पर बच्चों ने देखी फिल्म

कटनी, यशभारत। समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा के जन्मदिन पर यूथ कांग्रेस के साथियों ने लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम के देवदूत बच्चों के संग सिटी माल में ब्रम्हास्त्र फिल्म का आनंद उठाया। सभी ने बच्चों के संग केक काटकर श्री तनखा के दीर्घायु होने की कामना की। जिलाध्यक्ष अंशू मिश्रा ने बताया कि श्री तनखा जनसेवा के पर्याय हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में उनका गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा को ही राजनीति का माध्यम बनाया है। उनकी समाज कल्याण की सोच एवं सामाजिक कार्यों से अनगिनत जरूरतमंद लाभान्वित हो चुके हैं।

यश भारत

सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, गुरूवार, 22 सितंबर 2022

सत्यनारायण निषाद का देहावसान

कटनी, यशभारत। गौसेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वेंकटेश भवन समीति के अध्यक्ष प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी सत्यनारायण निषाद का बुधवार को उपचार के दौरान मुम्बई में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नई बस्ती क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। श्री निषाद पिछले काफी समय से गौसेवा के क्षेत्र में सक्रिय थे और शहर की कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़कर सामाजिक गतिविधियों में अपना योगदान देते रहते थे। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार को सुबह 10.30 बजे निज निवास नई बस्ती निषाद गली से निकाली गई। अंतिम संस्कार नदीपार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की।

भगवान दास धूरिया का निधन

कटनी, यशभारत। माझी समाज जिला कटनी के पूर्व संरक्षक गर्ग चौराहा निवासी 90 वर्षीय भगवान दास धूरिया का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास गर्ग चौराहा से निकाली गई। अंतिम संस्कार नदीपार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की। निधन पर माझी समाज की एक शोक सभा संगठन के सचिव सचिन कश्यप के निवास पर आयोजित की गई। जिसमे उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की।

जनसेवा शिविरों का फीडबैक लें अनुविभागीय दण्डाधिकारी

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, लंबित पत्रों की समीक्षा

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों में जो भी आवेदन आ रहे हैं, उनका निराकरण जल्द हो और दूसरे शिविर तक संबंधितों को लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, उससे एक दिन पहले सभी एसडीएम इस बात का फीडबैक लें कि ग्रामीणों को शिविर संबंधी सूचना है या नहीं। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जाति प्रमाण पत्रों के संबंध में जानकारी ली और प्रिंट हो चुके प्रमाण पत्रों का वितरण शिविरों के दौरान कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार अभियान के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि सभी शिविरों में बैंक अधिकारी उपस्थित रहें व वोटर आईडी कार्ड में कलर फोटो प्रिंट कराने को लेकर भी शिविरों में बीएलओ की ड्यूटी लगाएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण करें और जो भी अधिकारी शिविर में उपस्थित नहीं होते हैं, उनको नोटिस जारी करें। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को भी शिविर के दौरान ही निराकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विभागवार जानकारी ली। कहा कि कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी कर लें। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, ऊर्जा साक्षरता, स्वच्छता अभियान, स्वस्थ्य बाल प्रतियोगिता, गोसेवा कार्यक्रम, स्वामित्व योजना अंतर्गत पखवाड़े में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रभारी बीईओ बड़वारा की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रभारी बीईओ बड़वारा के कार्य में प्रगति न पाए जाने पर वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हाउस, सीएम मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा कर समय पर निराकृत करने के निर्देश प्रदान किए। लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने करनपुरा योजना में जलकर वसूली व लोग नलों में टोंटी अवश्य लगाएं, इसको लेकर समूह की महिलाओं को जल सखी के रूप में कार्य प्रदान करने व उन्हें प्रशिक्षण दिलाने और संबल योजना में नवीन पंजीयन कार्य में नगर निगम क्षेत्र में पार्षदों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही ने किया पौधारोपण

कटनी, यशभारत। भारतीय मूल की समाजसेवी संस्था जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही कटनी मुड़वारा द्वारा राष्ट्रीय सेवा सप्ताह के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत 21 सितंबर को झिंझरी स्थित आश्रम में पौधारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। ग्रुप के द्वारा पीपल, नीम, आंवला के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष श्रीमती संतोष जैन, नीलू पुरवार, मंजू नेमा, चंचल पुरवार, ज्योति सरावगी, अंजलि सरावगी की उपस्थिति रही।

भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने बताई महापुरूषों की जीवनी

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में प्रतियोगिताओं का आयोजन

कटनी, यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में 5 से 13 सितम्बर तक निबंध, भाषण, फैंसी ड्रेस, कविता लेखन, गीत लेखन, ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की बड़ी छोटी प्रेरक कहानी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमे निबंध प्रतियोगिता में शिवानी साहू बीए प्रथम वर्ष, भाषण प्रतियोगिता में पूनम नामदेव बीए प्रथम वर्ष, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अंजलि चौधरी बीए प्रथम वर्ष, कविता लेखन प्रतियोगिता में सोमनाथ प्रधान बीए तृतीय वर्ष, गीत लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान दुबे बीए प्रथम वर्ष, रंगोली प्रतियोगिता में सरिता बर्मन, प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष, पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी साहू बीए प्रथम वर्ष एवं ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों की बड़ी छोटी प्रेरक कहानी प्रतियोगिता में सीमा रैदास बीए द्वितीय वर्ष ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य इंद्र कुमार के निर्देशन में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विवेक चौबे, डॉ ज्योति ताम्रकार, डॉ मीरा कांठा, डॉ. दुष्मंत पटैल, श्रीमती प्रीति तिवारी, सुश्री चेतना मिश्रा उपस्थित रहे।

श्याम नगर प्रभारी व विक्की सचिव नियुक्त

कटनी, यशभारत। आप यूथ विंग के कटनी नगर प्रभारी युवा समाज सेवी श्याम यादव एवं नगर सचिव पद पर विक्की ग्रोवर को नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया की आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर और ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में नियुक्तियां की जा रही है।

वृद्धाश्रम में अनाज का वितरण

कटनी, यशभारत। जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही कटनी मुड़वारा ने राष्ट्रीय सेवा सप्ताह के तीसरे दिन विगत 19 सितंबर रविवार को झिंझरी स्थित वृद्धाश्रम जाकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ बातचीत कर हालचाल जाना। आश्रम में 50 किलो चावल, आटा 50 किलो, दाल 30 किलो, बिस्किट नमकीन और भी जरूरी सामान का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा। जिसमे अध्यक्ष श्रीमती संतोष जैन के नेतृत्व में ग्रुप के सदस्य ज्योति सरावगी, अंजलि सरावगी, नीलू पुरवार, मंजू नेमा, चंचल पुरवार की उपस्थिति रही।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं
ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर
रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

8 अक्टूबर से शुरू होगा माधवनगर में बरसी मेला

नगर निगम करेगा आवश्यक व्यवस्थांए

कटनी,यशभारत। परम श्रद्धेय सतगुरू बाबा माधव शाह साहिब सतगुरू बाबा नारायण शाह साहिब जी का वर्सी मेला का आयोजन इस वर्ष भी दिनांक 08 से 11 अक्टूबर तक माधव नगर में आयोजित किया जाना है। वर्सी मेला में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे, मेयर इन काउन्सिल सदस्य बीना बैनर्जी, अवकाश जायसवाल पार्षद श्याम पंजवानी, मथुरा तिवारी, गोविंद चावला, ईश्वर बहरानी, विनोद लाला यादव भुटटू, शशिकांत तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मेला कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की गई। निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करनें हेतु पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित जनों को स्वागत कर मेला आयोजन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान दी जाकर बताया गया कि मेले के आयोजन के दौरान देश एवं विदेश से कई श्रद्धालुओं द्वारा दरबार में उपस्थित होकर सेवाएं प्रदान की जाती है। निगम प्रशासन द्वारा प्रतिवर्षानुसार की जानी वाली व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर पूर्ण करानें की मांग की गई। व्यवस्थाओं के अंतर्गत अमीरगंज मार्ग को चलनें योग्य बनानें, 20 से 25 नग नवीन एल.ई.डी लाईट प्रदान करनें तथा मेला स्थल पर सफेद लाईट की व्यवस्था करानें, टेंकरों के माध्यम से शुद्ध पानी की व्यवस्था, संपूर्ण माधवनगर में विशेष सफाई व्यवस्था के साथ चूनें की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव, फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोडनें की कार्यवाही, तीन स्थलों में तीन नग मोबाईल टायलेट उपलब्ध कराने, जे.सी.बी एवं ट्रेक्टर ट्राली से कचरे के ढेर की सफाई, आवारा मवेशियों पर नियंत्रण, मेला अवधि के दौरान 4 दिवस फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध करानें सहित पहुंच मार्गो एवं के गढडों की मरम्मत करानें के मांग की गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें कहा कि कोविड महामारी के कारण दो वर्षो बाद इस वर्ष मेले का आयोजन किया जा रहा है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम नगर निगम के माध्यम से अच्छी से अच्छी सुविधाएं मुहैया करा सकें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पडे। निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक ने कहा कि जिनकी कृपा से हम लोगों की व्यवस्थाएं होती है हम उनकी व्यवस्थाएं क्या देखेंगे बाबा जी कृपा से सभी कार्य अच्छे से अच्छा होगा निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्थांओं में किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें कहा कि निगम की टीम व्यवस्थाओं में जुट गई है मेले के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो इस हेतु एक टीम का गठन का भी गठन कर उपकार्यालय में उपलब्ध कराई जावेगी जो मान0 महापौर एवं निगमाध्यक्ष के मार्गदर्शन में आपके संपर्क में रहकर निगम की समस्त व्यवस्थाएं संपादित करेगी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धकारे द्वारा उपस्थित अधिकारियों को उपरोक्त समस्त मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया गया। मेला समिति के पदाधिकारियों से चर्चा उपरान्त उपस्थित जनों द्वारा मेला परिसर स्थल, लंगर स्थल, प्रवेश एवं निकास द्वार स्थल, चिकित्सालय परिसर एवं माधवनगर स्टेशन मार्ग का निरीक्षण किया जाकर स्टेशन के पास टेंट स्थापित करनें हेतु गडढे की फिलिंग करनें के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक देवानंद आसरानी,बागीश आनंद, देवराज हंस राजानी, देवी थावानी, भगवान दास जी, सहित काफी संख्या में मेला समिति के पदाधिकारियों एवं मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
From 16th September 2022
Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 16.09.2022 to 22.09.2022

AUDI - 1	SHOW
Siya 2D Hindi	10:00AM
Jahan Chaar Yar 2D Hindi	12:15PM
Brahmastra 2D Hindi	03:00PM
Brahmastra 2D Hindi	06:10PM
Brahmastra 2D Hindi	09:20PM
AUDI - 2	SHOW
Brahmastra 3D Hindi	12:30PM
Brahmastra 3D Hindi	03:45PM
Brahmastra 3D Hindi	07:00PM
Brahmastra 3D Hindi	10:10PM
AUDI - 3	SHOW
Siya 2D Hindi	12:00PM
Brahmastra 2D Hindi	02:15PM
Jahan Chaar Yar 2D Hindi	05:30PM
Brahmastra 2D Hindi	08:00PM

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Millal MALL
paytm
bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

संपादकीय

चंदे की वाजिब चिंता

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक चंदे पर जो पहल की है, वह स्वागतयोग्य है। ये दीगर बात है कि इस पहल के सफल होने की न्यूनतम संभावना है। इसलिए कि ऐसे मामलों में पारदर्शिता लाने की एक दशक पहले ही हुई पहल उलटी दिशा में मुड़ते हुए अब काफी आगे बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स का चलन बढ़ने के बाद तो इस मसले से जुड़े बाकी पहलुओं पर बात करना भी बेमतलब मालूम पड़ने लगा है। आखिर जब करोड़ों के चंदे के बारे में गोपनीयता का प्रबंध कर लिया गया है, तो दो हजार या 20 हजार रुपये की आखिर क्या औकात रह गई है। फिलहाल राजनीतिक अनुदान में कालेधन पर रोक के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त का कानून मंत्रालय को पत्र लिखा है। पत्र में नकदी चंदे को 20 प्रतिशत या अधिकतम 20 करोड़ (जो भी कम हो) की सीमा तक करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने बेनामी चंदे को 20 हजार से घटकर दो हजार करने की भी बात कही है। चुनाव आयोग के प्रस्ताव को लागू करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव करना होगा। निर्वाचन आयोग ने प्रस्ताव दिया है कि राजनीतिक दलों के लिए एक बार में मिलने वाले नकद चंदे की अधिकतम सीमा 20 हजार रुपये से घटाकर दो हजार रुपये की जाए और कुल चंदे में नकद की सीमा अधिकतम 20 प्रतिशत या 20 करोड़ रुपये तक सीमित की जाए, ताकि चुनावी चंदे को कालेधन से मुक्त किया जा सके। मकसद और सुझाव दोनों बेहतर हैं। मगर मौजूदा माहौल में ये महज एक रस्म-अदायगी मालूम पड़ते हैँ। आयोग की ओर से यह कदम उस वक्त उठाया गया है, जब हाल ही में उसने 284 ऐसे दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया था, जो नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। मगर समस्या यह है कि ऐसी कार्रवाइयों की आंच बड़े दलों तक नहीं पहुंचती, जिनके पास कानूनों को अपने ढंग से ढालने और जांच एजेंसियों को निर्देशित करने की शक्ति होती है। इसलिए चंदे से जुड़ी जो संस्थागत अपारदर्शिता होती है, वह कायम रहती है।

आज 22 सितंबर - रोज डे (कैंसर रोगियों का कल्याण) पर विशेष

भारत में कैंसर के बढ़ते मामले, समाज के स्वास्थ्य पर बोझ

लोगों को अपने खान-पान के प्रति सचेत रहना चाहिए और किसी न किसी प्रकार का व्यायाम नियमित रूप से करना चाहिए। इसमें योग अहम भूमिका निभाता है। मरीजों को लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए और नियमित जांच करानी चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण तंत्र का तत्काल आधार पर पालन किया जाना चाहिए। कैंसर को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाना महत्वपूर्ण है। सरकार को कैंसर की दवाओं की कीमतों को सीमित करना चाहिए क्योंकि ये बहुत महंगी हैं। अंत में, आहार में परिवर्तन कैंसर की रोकथाम में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। सामुदायिक भागीदारी के साथ कारणों और लक्षणों के बारे में जागरूकता समय की आवश्यकता है।

कैंसर के बढ़ते मामले हमारे समाज के स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं क्योंकि यह भारत में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक बन गया है। भारत में हृदय रोग के बाद कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे आम कारण है। औसतन 1,800 से अधिक भारतीय प्रतिदिन कैंसर से मर रहे हैं। कैंसर के नए मामलों के साथ इसके 2025 तक 25त्न बढ़ने का अनुमान है, कैंसर धीरे-धीरे एक बड़ा हत्यारा बनता जा रहा है। भारत में कैंसर के कारणों को देखने और कैंसर की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए कुछ उपायों की आवश्यकता है। भारत ने कई दशकों में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि देखी है। 2017 की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 1990 और 2016 के बीच, भारत में कैंसर का बोझ 2.6 गुना बढ़ गया और समय के साथ कैंसर से होने वाली मौतें दोगुनी हो गई। इनमें से लगभग दो-तिहाई कैंसर के मामले अपने अंतिम चरण में हैं। पुरुषों में फेफड़े का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर आम है जबकि महिलाओं में स्तन, सर्वाइकल, ओवरी और गॉल ब्लैडर का कैंसर आम है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण पर संसदीय स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कैंसर रोगियों में उच्च-स्तरीय मानव विकास सूचकांक वाले देशों की तुलना में 20त्न अधिक कैंसर मृत्यु दर है। पैनल ने यह भी कहा है कि भारत का कैंसर देखभाल ढांचा बेहद अपर्याप्त है और अधिकांश रोगियों को इलाज के लिए हजारों किलोमीटर की यात्रा करने के लिए मजबूर करता है। कैंसर रोगों का एक समूह है जिसमें शरीर के अंगों पर आक्रमण करने या फैलने की क्षमता के साथ असामान्य कोशिका वृद्धि होती है। संभावित संकेतों और लक्षणों में गांठ, असामान्य रक्तस्राव, लंबे समय तक खांसी, अस्पष्टीकृत वजन बढ़ना शामिल हैं। हालांकि ये लक्षण कैंसर का संकेत देते हैं, लेकिन ये अन्य कारणों से भी हो सकते हैं। 100 से अधिक प्रकार के कैंसर मनुष्यों को प्रभावित करते हैं। तंबाकू के सेवन से लगभग 22त्न से 25त्न कैंसर से होने वाली मौतों का कारण है। कैंसर से होने वाली 10त्न मौतों का कारण मोटापा, खराब आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी या अत्यधिक शराब का सेवन है। अन्य कारकों में कुछ संक्रमण शामिल हैं जैसे आयनकारी विकिरण और पर्यावरण प्रदूषकों के संपर्क में आना। विकासशील देशों में, 15त्न कैंसर हेलिकोबैक्टर पाइलोरी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मानव पेपिलोमावायरस संक्रमण, एपस्टीन-बार वायरस और मानव इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) जैसे संक्रमणों के कारण होते हैं। आमतौर पर, कैंसर विकसित होने से पहले कई आनुवंशिक परिवर्तन होते हैं। ज़रूरी है। लगभग 5-10त्न कैंसर किसी व्यक्ति के माता-पिता से वंशानुगत आनुवंशिक दोषों के कारण होते हैं। कैंसर के शुरुआती लक्षणों का पता चलने के बाद, आमतौर पर मेडिकल इमेजिंग द्वारा इसकी जांच की जाती है और बायोप्सी द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शराब पीना, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन भारत में पुरुषों में कैंसर का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा, निष्क्रिय धूम्रपान दूसरों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, खासकर बच्चों और महिलाओं के लिए। धूम्रपान के रूप में तम्बाकू का प्रयोग भारतीय समाज में काफी प्रचलित है। कृषि में उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग कैंसर के कारणों में से एक है। पंजाब से राजस्थान में बड़ी संख्या में ऐसे कैंसर रोगी होते हैं। उर्वरक विशेष रूप से खतरे में डालते हैं और गर्भवती महिलाओं में कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं। बदलती जीवनशैली और व्यस्त जीवनशैली के साथ शारीरिक व्यायाम के लिए समय न होने के साथ-साथ अस्वास्थ्यकर भोजन जैसे पिज्जा, बर्गर मोटापे का कारण बनते हैं जो कैंसर के लिए रास्ता आसान बनाते हैं। बड़ी मात्रा में लाल मिर्च का सेवन, बहुत अधिक तापमान पर भोजन और शराब का सेवन भारत में पेट के कैंसर के मुख्य जोखिम कारक हैं। पर्यावरण में बढ़ता प्रदूषण और हानिकारक रसायन एक अड़चन के रूप में कार्य करते हैं और इससे कैंसर, विशेषकर फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ गया है। अस्पतालों की अनुपलब्धता और खराब निदान उपकरण कैंसर को उच्च चरणों में फैलते हैं जहां इसका इलाज करना मुश्किल हो जाता है। स्क्रीनिंग के स्थापित लाभों के बावजूद, भारत में महिलाओं के लिए कवरेज कम है। जेब से अधिक खर्च इलाज को वहनीय नहीं बनाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा अपर्याप्त है इसलिए लोग इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत में एक करोड़ मरीजों पर सिर्फ 2,000 कैंसर विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा, कैंसर अनुसंधान का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे को अभी लंबा सफर तय करना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक(एनपीसीडीसीएस) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। प्राथमिक घटकों में कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता पैदा करना, जांच करना, जल्दी पता लगाना और इलाज के लिए उपयुक्त संस्थान को रेफर करना शामिल है। प्रत्येक राज्य में अलग-अलग इकाइयां स्थापित करने के प्राथमिक उद्देश्य से च्टर्शियरी केयर फॉर कैंसरज् योजना शुरू की गई थी। तंबाकू के सेवन के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने, तंबाकू उत्पादों की मांग और आपूर्ति को कम करने के लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया है। कैंसर के इलाज की वित्तीय मांगों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय आरोग्य निधि (आरएएन) शुरू की गई स्तन कैंसर के रोगियों के लिए हाल ही में एक दवा की खोज जीवन अवधि बढ़ाने में सक्षम होगी। कीमोथेरेपी पर दवा का एक फायदा है और मानक उपचार की तुलना में इसके कम दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र को वित्तीय सहायता बढ़ाने की आवश्यकता है। सरकार को युवाओं में धूम्रपान और शराब पीने की आदत को हतोत्साहित करना चाहिए। गुजरात और बिहार में शराबबंदी सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। धूम्रपान को हतोत्साहित करने के लिए सिगरेट के पैकेट पर इसकी प्रभावशीलता के लिए चेतावनी की निगरानी की जानी चाहिए। उर्वरकों के अति प्रयोग को हतोत्साहित करना और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

भारत सतत विकास लक्ष्यों के हिस्से के रूप में 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों को एक तिहाई कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसने काफी प्रगति की है। भारत में कुछ क्षेत्रों में सुधार हुआ है, जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, जो कैंसर को दूर करने में सहायक होगी। हमारा दृष्टिकोण न केवल निदान, उपचार के तौर-तरीकों और टीकों पर केंद्रित होना चाहिए, बल्कि आम समाधानों के लिए सोच और कार्रवाई में समावेश पर जोर देना चाहिए जो देश में सभी सामाजिक आर्थिक स्तरों पर कैंसर के प्रभाव को काफी कम कर सकते हैं। लोगों को अपने खान-पान के प्रति सचेत रहना चाहिए और किसी न किसी प्रकार का व्यायाम नियमित रूप से करना चाहिए। इसमें योग अहम भूमिका निभाता है। मरीजों को लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए और नियमित जांच करानी चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण तंत्र का तत्काल आधार पर पालन किया जाना चाहिए। कैंसर को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाना महत्वपूर्ण है। सरकार को कैंसर की दवाओं की कीमतों को सीमित करना चाहिए क्योंकि ये बहुत महंगी हैं। अंत में, आहार में परिवर्तन कैंसर की रोकथाम में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। सामुदायिक भागीदारी के साथ कारणों और लक्षणों के बारे में जागरूकता समय की आवश्यकता है।

-डॉ सत्यवान सौरभ,

अखिलेश से दूर होने लगी पिछले चुनाव में जुड़ी मेंढकों की टीम

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उत्तर प्रदेश के पिछले सभा चुनाव में एकजुट हुई मेंढकों की टीम उछल कर धीरे - धीरे गठबंधन से भागने लगी। विधान सभा चुनाव में अखिलेश से जुड़ने वाले मेढ़कों और उनकी छोटी - छोटी टीम के नेताओं को उम्मीद थी, कि प्रदेश में भाजपा परास्त होगी। प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। वे सत्ता सुख का आनन्द उठाएगें। भाजपा विरोधी मीडिया इनके सपनों को यह कह कर हवा दे रही थी कि भाजपा बुरी तरह परास्त होगी।कुछ तथा-कथित किसान नेता भी इन सबको सत्ता सुखके सपने दिखा रहे थे, किंतु हुआ ऐसा नहीं। सरकार बनी नही। सत्ता सुख के लिए एकत्र हुए नेताओं को कोई लाभ होता नजर नही आया। आखिर ये कब तक एकजुट रहते। धीरे- धीरे गठबंधन में शामिल मेंढक और उनके नेता उछल -उछल कर अखिलेश से दूर होने लगे।

दरअसल देश के होने वाले अधिकतर गठबंधन वैचारिक नही होते। ये सत्ताधारी दल को हराने ,सत्ता पर कब्जा करने के लिए और सत्ता - सुख उठाने के लिए होते हैं। गठबंधन में शामिल सभी दलों के अपने स्वार्थ और उसके नेताओं के अपने हित होते हैं। हित पूरे करने के लिए ये अपने ही साथियों का पीछे धकेल कर अपना लाभ उठाने में लग जाते हैं। इसलिए ये गठबंधन ज्यादा नही चल पाते। ऐसा ही इस गठबंधन में हुआ।

उत्तर प्रदेश पिछले विधान सभा चुनाव से पूर्व विपक्ष की एकता के नाम पर शिवपाल यादव अपने भतीजे अखिलेश यादव के साथ आ गए। किंतु सम्मान न मिलने से क्षुब्ध रहे। टिकट वितरण में हुई उपेक्षा से वे चुनाव के दौरान ही खिन्न नजर आए। उन्हें तो अखिलेश यादव ने टिकट दिया किंतु गठबंधन में शामिल हुए उनके दल के किसी नेता को टिकट नही दिया गया। वह इसी को लेकर तभी से अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे थे। चुनाव प्रचार में भी उनकी उपेक्षा नजर आई। अखिलेश यादव के प्रचार रथ का उस समय एक फोटो जारी किया गया था। इसमें अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह कुर्सी पर बैठे हैं।शिवपाल यादव को बैठने के लिए जगह नही मिली और वे रथ में इन दोनों के पीछे खड़े होकर सफर कर रहें हैं।

चुनाव के खत्म होने पर भी सम्मान न मिलने और अपने को उपेक्षित देख शिवपाल यादव ने कहना शुरू कर दिया कि उसे गलती हुई है। उन्हें गठबंधन में शामिल नही होना चाहिए था। धीरे -धीरे वे अलग हो गए।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर भाजपा में रहते भाजपा की आलोचना करते थे। हाल के चुनाव में वे अपनी टीम को लेकर सपा गठबंधन में शामिल हो गए। अखिलेश यादव से जुड़ने से पहले उन्होंने एआईएमआईएम (ङ्कस्ङ्क) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से गठबंधन किया था। उनके साथ काफी घूमे भी थे।ओबेसी से दोस्ती के दौरान ये भाजपा के संपर्क में भी रहे। कहीं दाल न गलती देख अखिलेश यादव से जुड़ गए।अखिलेश ने इनके अहम की संतुष्टि के लिए बहुत कुछ किया। पूरा सम्मान दिया। किंतु चुनाव के बाद ओमप्रकाश राजभर सार्वजनिक मंच से अपनी नाराजगी जाहिर करनी शुरू की। कब तक बर्दाश्त होता। मजबूरन अखिलेश यादव को कहना पड़ा कि उन्हें)राजभर को) लगता है कि उपेक्षा हो रही है तो उन्हें रोका किसने हैं, वह जहां चाहें चले जाए। आलोचक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर की और से ही चर्चा आई कि वह बसपा में जा सकते हैं।उसके तुंरत बंद बसपा की और से प्रतिक्रिया आई कि बसपा का उन्हें अपने दल में लेने को कोई इरादा नही है। भाजपा ने भी इसबार उन्हें कोई लिफ्ट नही दी।दरअस्ल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर के व्यवहार और आचरण से सभी राजनेता वाकिफ हैं। वह दल में ही रहकर उसकी आलोचना करते रहते हैं। उनकी कोशिश अपने को दल में सर्वोच्च बताने की रहती है।अब वह अपने दल की टूट के लिए अखिलेश यादव को जिम्मेदार ठहराया । हाल में पत्रकार वार्ता में कहा भी है कि सपा के अखिलेश यादव उनकी पार्टी को तोड़ने में लगे हुए हैं।अखिलेश यादव ने रालोद को गठबंधन में बनाए रखने के लिए बड़ी कुर्बानी दी। उन्होंने दल के किसी सदस्य को न भेज रालोद के जंयत चौधरी को राज्यसभा में भेजा। किंतु अब उसे भी सुर अलग ङ्कअलग होते जा रहे हैं। राजोद के प्रदेशाध्यक्ष रामाशीष राय ने अभी हाल ही में बागपत में घोषणा की कि उनका दल नवंबर में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव अपने बूते पर अकेला लड़ेगा। विधान सभा सत्र के पहले दिन भी अखिलेश यादव की सपा और रालोद के रास्ते- अलग -अलग नजर आए। सपा प्रमुख ने पहले ही घोषणा की कि वह सदन की कार्रवाई में भाग लेने के लिए वे अपने विधायकों के साथ पार्टी कार्यालय से पैदल सदन जाएंगे। आरोप है कि उन्होंने इसके लिए गठबंधन के दल से भी बात नही की।सपा ने जहां पैदल मार्च किया। रास्ते में पुलिस के रोके जाने पर सडक पर छद्म विधान सभा लगाई।वहीं रालोद के सदस्यों ने सदन की कार्रवाई में हिस्सा लिया। रालोद विधायकों ने सदन में जाने से पहले विधान सभा प्रांगण में लगी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर धरना दिया। धरने के बाद वे सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। बाद में रालोद के विधायक दल के नेता राजपाल बालियान ने कहा कि हमें सपाने पैदल मार्च में बुलाया ही नही बुलाया होता , तो जरूर जाते। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर भी सदन में ही रहे।अभी स्थानीय निकाय चुनाव में लगभग दो माह हैं, इससे पहले ही उनका जोड़ा कुनबा बिखर गया। लोकसभा चुनाव में अभी समय है, तब क्या रहेगा, नही कहा जा सकता?

अशोक मधुप

आपका राशिफल 23 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

फिल्म वर्ग पहेली- 5938

बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन का रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डॉ. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरुद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, वहीदा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फ तुम हो तो हो जिसमें' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, प्रेमीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5937

Jagrutidaur.com, Bangalore

फूड एलर्जी को समझे बिना न करें खाद्य पदार्थो का सेवन बंद, बन सकता है परेशानी की वजह

बदलती जीवनशैली में लोगों का खानपान बदला है। इसके साथ फूड एलर्जी के मामले भी बढ़े हैं। मगर कई बार गलत धारणा के चलते भी लोग यह मान लेते हैं कि वे फूड एलर्जी का शिकार हैं। जबकि सच्चाई यह होती है कि अक्सर वह एक ऐसी स्थिति में होते हैं, जिसका आसानी से निदान और उपचार किया जा सकता है।

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक जिसे लोग फूड एलर्जी मानकर बैठे होते हैं, दरअसल वह कुछ और ही समस्या हो सकती है।

ग्लासगो कैलेडोनियन विश्वविद्यालय में हुए एक हालिया अध्ययन के अनुसार 35 प्रतिशत तक लोग खुद को या अपने बच्चों में गलत धारणा के चलते फूड एलर्जी या फूड इंटोलरेंस मान बैठते हैं और गलत तरीके से इसका निदान करते हैं। सही चिकित्सकीय सलाह लेने के बजाय वह खुद ही इसका उपचार शुरू कर देते हैं। अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं ने सबसे आम गलत धारणाओं को बताया है, जो फूड एलर्जी को लेकर हैं।

खाने के बाद लक्षण मतलब फूड एलर्जी

अक्सर लोग यह सोचते हैं कि कोई फूड आइटम खाने के बाद उनमें लक्षण नजर आए हैं, इसलिए यह फूड एलर्जी है। मगर ऐसा जरूरी नहीं है। भोजन के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया की कई वजह हो सकती हैं और यह सभी लक्षण 'खाद्य अतिसंवेदनशीलता' के तहत आते हैं। दरअसल फूड एलर्जी में ऐसी प्रतिक्रियाएं होती हैं, जिनमें प्रतिरक्षा प्रणाली शामिल होती। एलर्जी प्रतिक्रियाएं जिनमें एंटीबॉडी इम्युनोग्लोबुलिन ई शामिल है, इसे अक्सर आईजीई-मीडिएट (आईजीई) एलर्जी के रूप में जाना जाता है।

सूडोकु नवताल- 6450

✱ ✡ ✡ ✡ ✡ सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6449 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

विचार प्रवाह

पिताओं से: शादी के बाद लड़कों की बुद्धि बिगड़ जाती है। इसलिए भविष्य की सोचकर बुढ़ापे के लिए थोड़ा धन बचाकर रखिए। सारा धन बच्चों के सुपुर्द मत करो, वरना बुढ़ापे में पछताना पड़ेगा। यह सतयुग नहीं कलयुग है। क्या तुमने सुना नहीं कि बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया। बेटा बुढ़ापे में सहारा बनेगा। आज के समय में ऐसी उम्मीद करना बेकार है

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7491



बाएँ से दाएँ

1. प्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत,मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा,मदद-3
8. आश्रय,शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म,भाग्य-3
11. दासत्व,गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा,लालसा-3
15. दुगना,दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी,साजन-3
21. कैनाल,उपनदी-3
23. जीवन सत्व,प्राण-2
24. प्रहार,आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1. अभिमान-2
2. मारना,वध करना-2
3. नृत्य,कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात,अनाम-3
7. नदी,दरिया-3
8. जांच,परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश,विध्वंस-3
14. अंजन,नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक,संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड,शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण,जीवन तत्व-2

शब्द पहेली -7490 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

मध्य प्रदेश के स्कूलों को लेकर बाल अधिकार संरक्षण आयोग सख्त

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के निजी स्कूलों में लगातार बच्चों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर बाल आयोग सख्त हो गया है। स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर आयोग ने एसओपी जारी की है।

छात्रों की सुरक्षा को लेकर जारी की एसओपी

बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूलों को कुछ बिन्दुओं की एसओपी जारी की है। बता दें कि भोपाल के एक निजी स्कूल के बस ड्राइवर ने 8 सितंबर को साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसमें बस में मौजूद महिला अटेंडर ने भी बच्ची को नहीं बचाया। इस मामले में बच्ची के माता-पिता ने स्कूल प्रबंधन को शिकायत की थी। स्कूल प्रबंधन ने मामले में लीपापोती कर क्लीन चिट दे दी थी। जिसके बाद बच्ची के परिजनों ने पुलिस को पूरी घटना बता कर केस दर्ज करवाया था। हालांकि आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। दुष्कर्म मामले में महिला थाने ने आरोपी को जिला कोर्ट में पेश किया था। जिला कोर्ट ने एक दिन की पीआर के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। मंगलवार के दिन पुलिस को एक दिन की रिमांड मिली थी। आरोपी ड्राइवर के साथ कंडेक्टर ने भी माना कि बच्ची के साथ गलत काम हुआ है। जानकारी के अनुसार नेहरू नगर से कलियासोत डैम के बीच घटना हुई थी। होटल के कमरे में एक युवक के साथ थीं तीन महिलाएं, पुलिस ने दरवाजा दरअसल प्रदेश में बच्चों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दर्ज हो रहें हैं। लगातार दूसरे साल एमपी बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध में पहले स्थान पर है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2021 में प्रदेश में बच्चों के खिलाफ सबसे अधिक अपराध दर्ज किए गए है। 2021 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 19,173 केस दर्ज किए गए है जो कि देश में सबसे अधिक है। जानकारी के अनुसार यहां साल दर साल बच्चों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि दर्ज की है और पिछले एक दशक (2011-2021) में बच्चों के खिलाफ अपराध में 337त्न फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश में 2011 में कुल मामलों की संख्या 4,383 थी जो 2021 में 19,173 हो गई है।स्कूलों में प्रार्थना के बाद एवं छुट्टी के पहले 10 मिनट गुड टच एवं बैड टच की बच्चों को दी जाए जानकारी।प्राइवेट स्कूलों में बाल सहायता एवं सुझाव समिति का गठन किया जाए। जिसमें प्राइमरी, मिडिल एवं हाई सेकेंडरी में से एक-एक अभिभावक कुल तीन अभिभावकों को समिति में शामिल करें।समिति की प्रत्येक माह में बैठक हो। बैठक की रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को भेजी जाए।

स्कूल आवागमन के साधनों में महिला चालकों को प्राथमिकता दिए जाए।स्कूल आवागमन की व्यवस्था में उच्च न्यायालय की गाइडलाइन का पालन हो।

सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर का डाटा कम से कम 30 दिनों तक रखा जाए।

ग्वालियर-चंबल अंचल में वर्चस्व की लड़ाई में फंसे दो दिग्गज नेता

भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश में 2023 विधानसभा चुनाव की तैयारी अपने चरम पर चल रहीं है। दोनों ही मुख्य पार्टियां अपने वर्चस्व की लड़ाई में जुटी हुई है। चुनाव से पहले अक्सर कांग्रेस की गुटबाजी की खबरें सामने आया करती हैं। लेकिन इस बार चुनाव से पहले ग्वालियर-चंबल अंचल में भाजपा नेताओं के बीच लगातार गुटबाजी की खबर सामने आ रहीं है। और इस गुटबाजी से सरकार को भी परेशानी हो रही है। इस समय ग्वालियर-चंबल अंचल में मोदी सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों के बीच आपसी वर्चस्व की जंग खुलकर सामने आ रही है। दरअसल चुनाव से पहले ग्वालियर-चंबल अंचल में भाजपा के दोनों दिग्गज नेता एक-

विपक्ष ने साधा निशाना

दूसरे को अंचल का सर्वमान्य नेता साबित करने के लिए लगातार जोर लगा रहे हैं। अंचल के दिग्गज नेता कहे जाने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर के बीच लगातार वर्चस्व की लड़ाई गति पकड़ रही है। राजनीतिक गुरुओं की माने तो अभी अपने जन्मदिन पर पीएम मोदी कूनो नेशनल पार्क आए थे। और इस कार्यक्रम का श्रेय

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को जा रहा है। लेकिन अब बताया जा रहा है कि अगले महीने ग्वालियर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भूमि पूजन करने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाने वाले हैं जिसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। अगर माने तो ग्वालियर-चंबल अंचल में इस समय केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर के बीच भाजपा दो गुटों में नजर आती है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर-चंबल अंचल में हो रहे बड़े विकास कार्यों का श्रेय खुद लेने की कोशिश कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी इसमें पीछे नहीं है। और यही कारण माना जा रहा है कि जब ग्वालियर-चंबल अंचल में विकास कार्यों का लोकार्पण और शुभारंभ हो रहा है तो सोशल मीडिया पर यह दोनों दिग्गज नेता अपना-अपना श्रेय लेने में लग जातें हैं। जानकारों की माने इससे स्पष्ट होता है कि दोनों दिग्गज नेताओं के बीच कहीं ना कहीं वर्चस्व की जंग छिड़ी है।

23 सितंबर को दिन-रात बराबर होने का तथ्य सत्य नहीं, साल में 2 बार सूर्य पूर्व से निकलता है

, भोपाल ,ईएमएस। इस शुक्रवार यानी 23 सितंबर को आकाश में सूर्य पृथ्वी की भूमध्यरेखा के ठीक ऊपर दिखाई देगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया, जब सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक ऊपर दिखता है, तब इसे इक्वीनॉक्स कहते हैं। साल में दो बार ऐसा होता है। पहला 20 या 21 मार्च को और दूसरा 21 से 24 सितंबर के बीच। इस दिन सूर्य ठीक पूर्व दिशा में उदित होगा और ठीक पश्चिम दिशा में अस्त होगा।सारिका ने बताया, आम लोग या सोशल मीडिया पर इसे दिन-रात बराबर होने की घटना के रूप में बताया जाता है, जो कि सत्य नहीं है। आज मध्य भारत में दिन की अवधि 12 घंटे 6 मिनट होगी। अर्थात दिन और रात बराबर नहीं होंगे। मध्य भारत में दिन और रात आगामी 28 सितंबर को बराबर होंगे।

नामीबिया वाला चीता सबको बोल रहा था-क्या मैं तुम्हें खा सकता हूं

भोपाल, ईएमएस । नामीबिया से लाए गए चीते के आने से सरकार को टूरिज्म में बढ़ावा के आसार नजर आ रहे हैं। इसी बीच भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मजेदार ट्वीट किया। मंत्रालय ने एक तस्वीर के साथ एक फनी शेयर किया। मंत्रालय के इस ट्वीट के बाद यूजर्स तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।दरअसल, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अपने ऑफिसियल ट्विटर हैंडल पर दो बंदरों की तस्वीर शेयर की। तस्वीर के साथ लिखा, 'चामीबिया वाला चीता है न, वो कल सबको बोल रहा था कि क्या मैं तुम्हें खा सकता हूं' भारत में सात दशक पहले विलुप्त हुए चीतों की आबादी को फिर से बसाने की परियोजना के तहत नामीबिया से लाकर मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक दिन पहले छो? गए। इनकी निगरानी एवं अध्ययन कर रहे विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, दूसरे दिन भी ये सभी चीते अपने नये बसेरे को बड़ी उत्सुकता से निहारते रहे और स्वस्थ एवं तंदुरूस्त दिखे। उन्होंने कहा कि इन सभी को विशेष बाड़ों में एक महीने के लिए पृथक-वास पर रखा गया है और इन्होंने वहां रखा हुआ आज पानी भी पिया। भारत और नामीबिया के पशु चिकित्सक और विशेषज्ञ इन पर कड़ी नजर रख रहे हैं और एक महीने तक चलने वाले पृथक-वास की अवधि के दौरान उन्हें भैंस का मांस देने पर काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने किया मजेदार ट्वीट

मध्य प्रदेश के मेधावी छात्रों को सीएम शिवराज बांटेंगे लैपटॉप खरीदने के लिए राशि

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेधावी छात्रों को लेकर बड़ी घोषणा की है। सत्र 2021-22 की कक्षा 12वीं के मेधावी छात्रों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 3 अक्टूबर को लैपटॉप की राशि ट्रांसफर करेंगे। यह कार्यक्रम भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। अशासकीय स्कूलों से 12वीं कक्षा की मुख्य परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही व्यावसायिक उतीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश के 91 हजार 617 मेधावी छात्रों के अकाउंट में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर की जाएगी। बताया जा रहा है कि जिला शिक्षा अधिकारियों को पात्र विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट की जानकारी 26 सितंबर तक शिक्षा पोर्टल पर अपलोड़ करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पिछले शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 12 में पास होने के बाद लैपटॉप प्रस्तुत नहीं किए गए थे। क्योंकि एमपीबीएसई ने वार्षिक परीक्षा आयोजित नहीं की थी और सभी छात्रों को उनके आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर सफल घोषित किया गया था। कोरोना महामारी के कारण शैक्षणिक वर्ष के अधिकांश भाग के लिए स्कूल बंद थे और कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की गई थी। इससे पहले 2019 में को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कुछ मेधावी छात्रों को 25,000 रुपये के चेक वितरित किए गए थे। और शेष छात्रों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की गई थी।

सिंगल क्लिक में ट्रांसफर होगी रकम

शिवराज सरकार पर कमलनाथ का तंज

कहा, चीता इवेंट से बाहर निकल कर गौमाता की सुध ले सरकार

भोपाल,ईएमएस। देश के साथ राज्य में लंपी वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार को आड़े हाथो लिया है। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में लाए गए चीतों को पार्क में छोड़ने को इवेंट बताते हुए कमलनाथ ने कहा कि सरकार को अब गायों की भी सुध लेनी चाहिए। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर लंपी वायरस को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि सरकार अगर च्चीता इवेंटज्ज से बाहर निकल आई हो तो अब गौमाता की भी सुध लें। कमलनाथ ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि मध्यप्रदेश में लंपी वायरस का प्रकोप दिन- प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के कई हिस्सों में गौमाता बड़ी संख्या में इस वायरस से संक्रमित होती जा रही हैं, बड़ी संख्या में उनकी मौत भी हो रही है। जिसको लेकर सरकार के प्रति कमलनाथ ने नाराजगी जाहिर करते हुए ट्वीट किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों नमीबिया से लाए गए चीतों को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। चीतों को पार्क में छोड़े जाने को लेकर किए गए इंतजाम पर कमलनाथ ने अपनी नाराजगी जाहिर की और राज्य सरकार से उचित कदम उठाने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया, च्समय रहते जो आवश्यक कदम सरकार को उठाना थे, वह उन्होंने अभी तक उठाये नहीं है। सरकार तो पिछले कई दिनों से च्चीता इवेंटज्ज में ही लगी रही, अभी यदि वो चीता इवेंट से बाहर निकल गई है तो उसे प्रदेश में गौ माता की सुध लेना चाहिए। प्रतिदिन इस वायरस से गौमाता की तड़प-तड़प कर हो रही ।

चार जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में बदरा एक बार फिर मेहरबान हैं। बीते 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के चलते प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है, जिसके चलते प्रदेश के कई क्षेत्रों में रूक-रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में 1 जून से 21 सितंबर तक 44 इंच बारिश हो चुकी है जो कि सामान्य से 22 फीसदी ज्यादा है। हालांकि प्रदेश के कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में हुई बारिश की बात करें तो प्रदेश के रीवा, शहडोल, सागर एवं ग्वालियर संभाग के जिलों

बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से भीग रहा प्रदेश

में अधिकांश स्थानों पर, जबलपुर, नर्मदापुरम, भोपाल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर, इंदौर एवं चंबल संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर तथा उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। जबेरा, बालाघाट में 10, ओरछा, बड़ामलहरा में 9, किरनापुर, सिहावल में 8, वारासिवनी, नईगढ़ी, चितरंगी, बहरी, सिवनी, मालवा में 7 मावई, पाटन, डबरा, लहार, रौन, मिहौना में 6 सेमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल ने अगले 24 घंटों में मुरैना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी दी है। जबकि नर्मदापुरम एवं ग्वालियर संभाग के जिलों में, भिंड, श्योपुर कला, रायसेन, विदिशा, बुरहानपुर, धार, सीधी, पन्ना, दमोह, सागर, डिंडौरी, रीवा, अनूपपुर, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, रीवा, सागर, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में गरज के साथ बिजली चमकने एवं गिरने की आशंका है। मंगलवार को प्रदेश का न्यूनतम तापमान राजधानी भोपाल में 22.4 और अधिकतम 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।छिंदवाड़ा जिले में एक बार फिर झमाझम बारिश देखने को मिल सकती है। आगामी दो दिनों के लिए मौसम विभाग ने जिले में यलो अलर्ट जारी किया है। नए मौसम सिस्टम एक्टिव होने से जिले में आगामी 23 सितम्बर तक बादलों की आवाजाही तेज होने की संभावना है।

सरकार ने पेंशनरों की महंगाई राहत 6 प्रश बढ़ाई

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश सरकार ने पेंशनरों के महंगाई राहत में छह प्रतिशत की वृद्धि की है। वहीं, छठवा वेतन प्राप्त प्राप्त कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की वृद्धि की है। सातवां वेतन प्राप्त कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि पहले की की जा चुकी है। वित्त विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार अब साढ़े चार लाख से ज्यादा पेंशनरों को अब 28 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। सरकार ने महंगाई राहत में छह प्रतिशत की वृद्धि की है। छठवां वेतनमान में यह वृद्धि 15 प्रतिशत की गई है। इसका लाभ सितंबर की पेंशन से मिलेगा। वित्त विभाग ने सातवें वेतनमान में छह और छठवें वेतनमान में 15 प्रतिशत महंगाई राहत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए। छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे पेंशनर को अब 189 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। इस निर्णय से सरकार पर प्रतिमाह लगभग 120 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इससे पेंशनरों को साढ़े चार हजार से नौ हजार रुपए तक लाभ मिलेगा। वहीं, विभाग ने छठवां वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब कर्मचारियों को सितंबर के वेतन में 203 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। सातवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता पहले ही बढ़ाया जा चुका है।

छठवां वेतनप्राप्त कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ाया

गोद लिए गांव के बारे में सांसद प्रज्ञा ठाकुर के दावों को ग्रामीणों ने नकारा

बोले- न यहां शराब बनती, न बेटियों को बेचा जाता

भोपाल,यशभारत। शहर की नगर निगम सीमा के समीप स्थित ग्राम बंगरसिया को सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने गोद लिया था और उन्होंने पंचायत में अपनी सांसद निधि से पांच लाख रुपये भी दिए थे। गांव को गोद लेने और रुपये देने के बाद भी सांसद कभी इस गांव में नहीं पहुंची। जबकि हाल ही में उन्होंने अपने द्वारा गोद लिए गांव के बारे में बयान दिया है कि यहां पर कच्ची शराब बनती है और पुलिस को रिश्वत देने के लिए लोग अपनी बेटियों तक को बेच देते हैं। जब नवदुनिया की टीम बुधवार को ग्राम पंचायत बंगरसिया पहुंची और ग्रामीणों से उनके दिए हुए बयान के बारे में चर्चा की तो उनके कान खड़े हो गए। ग्रामीणों का एक ही कहना था कि हम लोग यहां सीआरपीएफ की निगरानी में रहते हैं। न तो यहां शराब बनाई जाती है और न ही बेटियों को बेचा जाता है।सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने पांच लाख रुपये निधि के रूप में बंगरसिया पंचायत को दी थी, लेकिन वह रुपये देने के बाद इसका उपयोग कहा हुआ यह देखने नहीं पहुंची। इससे पंचायत ने पांच लाख रुपये शमशान में पेवर ब्लाक बनाकर रफादफा कर दिया। जबकि शमशान के शेड पर टीनशेड तक खराब हो गए हैं।

ग्राम पंचायत के सचिव जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि बंगरसिया में 1133 परिवार निवास करते हैं, सभी संपन्न हैं और स्वयं की मेहनत से परिवार को पालते हैं। किसान, नौकरी पेशा और मजदूर हर वर्ग के लोग रहते हैं। यहां की कुल आबादी 5444 है। गांव में दसवीं कक्षा तक स्कूल और दो आंगनबाड़ी केंद्र हैं। पास ही सीआरपीएफ का ग्रुप केंद्र होने से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहते हैं। हर दिन रात में पेट्रोलिंग पार्टी गश्त पर आती है। गांव में शराब बनाने और बेटियों को बेचने जैसा कोई भी मामला अब तक सामने नहीं आया है। सांसद ने गांव के बारे में पता नहीं ऐसा क्यों बोल दिया। गांव में ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं होती हैं। 1990 में छत्तसीगढ़ से मजदूर आए थे जो यहां बस गए थे। वह अब भी यहीं पर कैंप के सामने रह रहे हैं। शराब गांवमें नहीं बल्कि चिकलोद रोड स्थित होटल, ढाबों में बेची जाती है। इस पर न तो भोपाल पुलिस कार्रवाई कर रही है और न ही रायसेन की पुलिस दबिश देती हैं।

विधायक पीसी शर्मा, पार्षद गुड्डू चौहान समेत समर्थकों पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज

भोपाल, ईएमएस। भोपाल के टीटी नगर थाने में विधायक पीसी शर्मा, पार्षद गुड्डू चौहान, शबिस्ता जकी, पूर्व पार्षद मोनू सक्सेना व अन्य पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को उद्यान विभाग में झुग्गियों हटाने पहुंचे नगर निगम के बाद कांग्रेस नेताओं ने जमकर हंगामा किया। कार्रवाई रोकने के लिए कांग्रेस पार्षद गुड्डू चौहान नगर निगम के अमले का ट्रक लेकर भाग गए। इसके चलते नगर निगम का अहमला कार्रवाई नहीं कर पाया था। इस मामले में टीटी नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे अतिक्रमण अमला लिंक रोड नंबर एक के पास पहुंचा। यह 40 आदिवासी परिवार सरकारी जमीन पर लंबे समय से अपनी झुग्गी बनाकर रह रहे है। नगर निगम की कार्रवाई शुरू करने के समय ही विधायक पीसी शर्मा, पार्षद गुड्डू चौहान, पूर्व पार्षद मोनू सक्सेना पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं ने निगम अमले की कार्रवाई रोकने और लौटने के लिए कहा, लेकिन अमले ने लौटने से इंकार कर दिया। इसके बाद पार्षद गुड्डू चौहान अधिकारियों के सामने अतिक्रमण अमले का ट्रक लेकर चले गए। इसके चलते नगर निगम का अमला कार्रवाई नहीं कर पाया। पार्षद गुड्डू चौहान ने कहा कि मैंने ट्रक घटना स्थल से दूर ले जाकर खड़ा कर दिया। ताकि निगम का अमला गरीबों के मकान नहीं तोड़े। यदि हमारे खिलाफ केस दर्ज किया है तो करें। हम जनता की आवाज सड़क पर उतरकर ही उठाएंगे।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में कटनी को मिला प्रदेश में चौथा स्थान

कटनी,यशभारत। सीएम हेल्पलाइन के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के चार अग्रणी जिलों में शामिल है। राज्य शासन के लोकसेवा प्रबंधन विभाग द्वारा मंगलवार को प्रदेश के जिलों को प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण, पर्यवेक्षण व अनुश्रवण की समीक्षा के बाद कटनी जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान अर्जित किया है। जिलावार ग्रेडिंग के लिए प्रथम समूह में शामिल प्रदेश के 26 जिलों में छिंदवाड़ा प्रथम, जबलपुर द्वितीय, छतरपुर तृतीय और कटनी ने चौथा स्थान हासिल किया है। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिले की ये अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है, जो कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन और निरंतर पर्यवेक्षण की वजह से हासिल हुई है। विदित हो कि शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई के अलावा शिकायतों के निराकरण के स्थानीय समाधान के माध्यम से शिकायतकर्ता के समक्ष ही शिकायतों का स्वयं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हैं। लोकसेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिले में अगस्त माह में 6 हजार 655 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसमें से 45.5 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। सभी पहलुओं को मिलाकर जिले का ओवर ऑल वेटेज स्कोर 78.46 रहा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले की इस उपलब्धि के लिए शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लगनशीलता की सराहना की है। साथ ही अगले माह और बेहतर कार्य कर अव्वल आने की बात कही है।

ऊर्जा विभाग अव्वल

सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के ऊर्जा विभाग को प्रथम समूह के 26 जिलों में पहला स्थान हासिल हुआ है। ऊर्जा विभाग ने 91.56 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड हासिल किया है। विभाग ने 52.06 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है।

पुलिस, नगर निगम व जिला पंचायत ने हासिल किया ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के अग्रणी जिले में शामिल कटनी जिले के विभागों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों की वजह से ए-ग्रेड हासिल हुआ है। इनमें पुलिस विभाग ने प्रथम समूह के 26 जिलों में 93.81 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड, जिला पंचायत कटनी ने 81.15 वेटेज स्कोर के साथ ग्रेड और नगर निगम कटनी ने 84.19 वेटेज स्कोर के साथ ए-ग्रेड अर्जित किया है। कटनी जिले के इतिहास में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में अर्जित यह अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। जहां अधिकारियों, कर्मचारियों ने पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया।

मंगलवार को भी लंबित मामलों की हुई समीक्षा

जनसुनवाई स्थानीय समाधान में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवेदक अरूण सिंह के रिकॉर्ड सुधार की शिकायत पर सुनवाई करते हुए एसडीएम कटनी को जांच कर निराकरण कराने के निर्देश दिए। वहीं ब्रजेश की सीमांकन की शिकायत पर एसडीएम विजयराघवगढ़ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवेदक शोभा बाई के सीमांकन के प्रकरण पर एसडीएम बहोरीबंद को संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता दुर्गा प्रसाद कुशवाहा के रिकॉर्ड दुरूस्त करने के प्रकरण में दोषी कौन है, इसकी जांच करने व रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया। आवेदक पंकज राय सड़क निर्माण के बाद राशि का भुगतान न करने की शिकायत पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्यपालन यंत्री आरईएस को भुगतान क्यों नहीं किया गया, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पंकज राय के ही पुल निर्माण कार्य में लेबर व मटेरियल का भुगतान न करने के प्रकरण पर कार्यपालन यंत्री आरईएस को दो दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने व लता कटारे के पति के स्वर्गवास के बाद वेतनमान व समयमान का भुगतान न करने पर कार्यपालन यंत्री पीएचई को निराकरण के निर्देश दिए गए। आवेदक राजेन्द्र कुमार की पेंशन संबंधी शिकायत पर सीईओ बहोरीबंद को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवेदक खुशबू के जननी सुरक्षा योजना की राशि न मिलने पर सीएमएचओ को, अभयराज सिंह के सीमांकन, बंदोबस्त के प्रकरण में एसडीएम विजयराघवगढ़ को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

साढ़े 3 क्विंटल महुआ लाहन जप्त

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

कटनी,यशभारत। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर ज़िले में अवैध मदिरा के संग्रहण,परिवहन ,विक्रय एवं निर्माण पर रोकथाम हेतु विशेष अभियान जारी है। कलेक्टर के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त ढीमरखेड़ा में ग्राम सहलावन पिपरिया, भटगवां, नेगई, किसगी में आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में कुल 350 किलोग्राम महुआ लाहन, एवं 12 लीटरअवैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 3 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 19 हज़ार 300 रूपये है। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला, कृष्ण कुमार पटेल आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

पवन मित्तल बने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नए अध्यक्ष

आशीष गुप्ता एवं सुरेन्द्र जायसवाल को उपाध्यक्ष का दायित्व

कटनी,यशभारत। चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीस कटनी के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक 20 सितम्बर को होटल इंडियन कॉफी हाउस में पदाधिकारियों के निर्वाचन को लेकर आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष पद पर पवन कुमार मित्तल, उपाध्यक्ष पद पर आशीष गुप्ता एवं सुरेन्द्र कुमार जैसवाल, मंत्री पद पर सुधीर कुमार मिश्रा, सहायक मंत्री के पद पर मधुसूदन बगडिया एवं लक्ष्मीचंद डोडानी,कोषाध्यक्ष पद पर सत्यनारायण अग्रहरी तथा आय-व्यय निरीक्षक अनिल साहू को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। सभी पदाधिकारियो की घोषणा निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण अग्रहरी द्वारा बैठक में कर्तल ध्वनी के साथ की गई । निर्वाचन घोषणा के पश्चात चेंबर के संविधान के कंडिका कमांक 29 (च) के अनुसार चेंबर के कार्यो के लिये उप समितियां बनाई गई । जिसमें आयकर जी.एस.टी एवं टैक्स वगैरह के लिये सुशील शर्मा (सीए) उद्योग विभाग के लिये मुरली मनोहर अग्रवाल, परिवहन एवं यातायात के लिये रजनीश मिश्रा, सामाजिक कार्य हेतु बालमुकुंद गुप्ता, प्रचार प्रसार समिति हेतु शैलेन्द्र चनपुरिया, फुटकर लघु व्यापार हेतु बसंत साहू एवं कार्यालय प्रभार हेतु अभिषेक ताम्रकार को उपसमितियों का संयोजक बनाया गया। चेंबर के प्रथम अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य गोपालचारी गुप्ता को एवं चेंबर के प्रथम आजीवन सदस्य सुरेन्द्र अग्रवाल को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सभी उपस्थित सदस्यों के मध्य हर्ष ध्वनी के साथ दी गई, जिसे गोपालचारी गुप्ता एवं सुरेन्द्र अग्रवाल द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया। निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात सत्यनारायण अग्रहरी, मधुसूदन बगडिया, सुरेन्द्र जैसवाल, लक्ष्मीचंद डोडानी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि संस्था के संविधान के अनुसार नये सदस्य बनाये जावे इस हेतु अतिशीघ्र कार्यकारिणी समिति की बैठकर बुलाकर निर्णय लिया जावे। नवनिर्वाीचित अध्यक्ष पवन मित्तल एवं मंत्री सुधीर कुमार मिश्रा द्वारा अंत में आभार व्यक्त करते हुये सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद दिया।

श्रमधाम कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव पर विविध आयोजन

स्वाधीनता सेनानियों की वेशभूषा में दिखी छात्राएं

कैमोर, यशभारत। देश की स्वाधीनता के 75 साल पूरे होने पर पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयो को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित करने निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के इन्हीं निर्देशों के तहत कैमोर स्थित श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संगोष्ठी, फेंसीड्रेस, भाषण, गायन एव रंगोली स्पर्द्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रमों की शुरूआत संगोष्ठी एवं व्याख्यान माला से हुई जिसका मुख्य विषय स्वाधीनता संग्राम रहा। स्वाधीनता संग्राम में स्थानीय नायकों की भूमिका पर नगर के वरिष्ठ पत्रकार राजा दुबे ने उदबोधन दिया जिसमें 1857 में हुए प्रथम स्वाधीनता संग्राम में विजयराघवगढ़ के राजा अमर शहीद सरयू प्रसाद सिंह सहित अन्य सेनानियों के बलिदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसी कड़ी में स्वाधीनता संग्राम के नायकों की वेशभूषा पर आधारित फेंसीड्रेस स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें किसी ने महारानी लक्ष्मीबाई का रूप धरा तो कोई सुभाषचंद्र बोस या चन्द्रशेखर आज़ाद के गेटअप में मंच पर उतरा। इन्हीं विषयों पर केंद्रित भाषण, गायन एवं रंगोली स्पर्धाओं का आयोजन भी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आशा तिवारी, बीएड की विभाग प्रमुख डॉ. अरुणा विश्वकर्मा, प्राध्यापिका प्रीति सिंह, एस के तिवारी, आर पी पांडेय, प्रेमचन्द विश्वकर्मा, गीता नाकरा, बी के अवस्थी, संतोष तिवारी, संगीता गुप्ता, अन्नपूर्णा भारती, वंदना त्रिपाठी, शोभा गुप्ता, शबनम खान आदि का सहयोग एवं उपस्थिति रही।

आईटीआई में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह

कटनी,यशभारत। कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी का दीक्षांत समारोह नगर निगम ऑडिटोरियम बस स्टैंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल उपस्थित थे। विधायक व प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2020-22 के प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव सुनाए। अतिथियों ने उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार अजय श्रीवास्तव, प्राचार्य पालिटेक्निक कॉलेज, मुकेश द्विवेदी, विवेक तिवारी, रीता त्रिपाठी, भारती तिवारी, मुकेश तिवारी, विकास गर्ग, संदीप कुमार, अनिल तिवारी सहित अन्य जन उपस्थित थे।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों को दिए कार्रवाई के निर्देश

जनसुनवाई में समस्या लेकर पहुंचे 121 फरियादी

कटनी,यशभारत। कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदक दिव्यांग विष्णु गौंटिया निवासी छोटी खिरहनी ने बारिश में मकान गिर जाने पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार गायत्री देवी परौहा भरण पोषण की राशि दिलाने, पटना रोड बहोरीबंद निवासी गणेश प्रसाद बर्मन ने लंबित वेतनमान विसंगति का निराकरण करने, रोहनिया निवासी रामसुजान ने सरकारी भूमि पर पट्टा देने, करौंदीकला बरही निवासी अजीत पटेल ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, रोहनिया निवासी तुलसी ने शासकीय भूमि पर पट्टा देने की मांग को लेकर आवेदन दिया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 121 आवेदन आए, जिसपर कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

नवरात्र व दशहरा पर्व पर न करें प्लास्टिक का उपयोग

पर्वों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर का आव्हान

कटनी, यशभारत। नवरात्र, दशहरा, मिलाद उन नबी, दीपावली, गुरूनानक जयंती व क्रिसमस पर्व को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की उपस्थिति में किया गया। बैठक में महापौर प्रीति सूरी व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा भी उपस्थित थीं। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने नवरात्र व दशहरा पर्व में सभी समितियों व आयोजकों से शहर को स्वच्छ रखने प्लास्टिक फ्री इवेंट आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग करने पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। नवरात्र पर मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने, कार्यकर्ताओं की जानकारी संबंधित एसडीएम व थाना को देने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नगर निगम को जुलूस मार्ग व मंदिरों के मार्ग का सुधार व प्रकाश व्यवस्था कराने और प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी सुरक्षा व प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए। नवरात्र व दशहरा पर्व के अलावा मिलाद उन नबी, दीपावली, गुरूनानक जयंती, क्रिसमस पर्व पर भी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में चर्चा की गई और समिति सदस्यों के सुझाव लिए गए। इस दौरान एडीएम रोमानुस टोप्पो, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे सहित समिति के सदस्य, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्कूली छात्राएं ले रहीं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कैमोर, यशभारत। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने शाला में ही कराटे प्रशिक्षण प्रदान करने महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना प्रारंभ की ही है। प्रथम चरण में इस प्रशिक्षण के लिए जिले के 176 हाइ स्कूलों में से 46 स्कूलों एव 6 बालिका छात्रावासों का चयन किया गया है। चयनित शालाओं में कैमोर की खलवारा बाजार स्थित शासकीय शाला भी शामिल है। इस शाला में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक प्रशिक्षक अनूप श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को कराटे का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा। यह प्रशिक्षण तीन महीने तक चलेगा। खलवारा शासकीय शाला की प्रभारी प्राचार्य अलका श्रीवास्तव स्वयं इस प्रशिक्षण मे शामिल होकर छात्राओं का न केवल हौसला बढ़ा रहीं वहीं प्रशिक्षण लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित भी कर रहीं। शाला के अन्य शिक्षकगण योगेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, नीता बहेलिया, शबीना खान, रामवती कोरी, ममता गुप्ता, अनंतश्री त्रिवेदी, श्वेता शर्मा, राम प्रकाश उरमलिया, जयश्री गुप्ता, गीता बर्मन आदि का भी सहयोग मिल रहा। आत्मरक्षा प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंहएडीपीसी अभय जैनएकार्यक्रम समन्वयक मुकेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में दिया जा रहा।

हितग्राहियों को लाभ दिलाने वार्डवार हो रहा शिविरों का आयोजन

कटनी, यशभारत। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करनें हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होने वाले शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 02, 04 एवं 05 के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करनें हेतु ऑडिटोरिम परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण किया जाकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जानें के निर्देश प्रदान किए गए। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शिविर में उपस्थित नदीपार निवासी राधा बाई कोल एवं मोहिनी चौधरी से चर्चा की जाकर श्रमिक कार्ड के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर संबंधित काउंटर से फार्म उपलब्ध कराये जाकर आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्रदान की गई। हितग्राही श्रीमती सुशीला साहू के पेंशन संबंधी प्रकरण के नियमानुसार निराकरण हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए। नोडल अधिकारी शिविर नें जानकारी देते हुए बताया कि आज ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित शिविर के दौरान विभिन्न हितग्राही मूलक योजनओं के लगभग 925 प्रकरण प्राप्त किए जाकर संबंधित विभाग की ओर आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिए गए है। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत 20 सितंबर मंगलवार को वार्ड क्रमांक 06 एवं 7 के लिए धन्ती बाई स्कूल चांडक चौक में शिविर का आयोजन किया गया।

उद्योगों की प्रमुख समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिला लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधि मंडल

कई बिंदुओं पर त्वरित निराकरण के निर्देश

कटनी, यशभारत। लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव समीर मूंदड़ा, प्रदेशध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने औद्योगिक विषयों पर सीएम शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। सीएम से भेंट में लघु उद्योग भारती द्वारा प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में ज्वलंत विषयों क्रय नीति, मंडी टैक्स, मंडी निराश्रित टैक्स धारा 304ए छोटे उद्योगों के लिए प्लाट आवंटन, वर्ष 2019 का गेहूं निकासी, सोलर ऊर्जा पर 40 प्रतिशत सब्सिडी, बैंकिंग लोन में स्टांप शुल्क कम करने, एमएसएमई उद्योग नीति के अनुदान राशि को सीधे हितग्राही के बैंक खाते में ट्रांसफर करना, मल्टीस्टोरी औद्योगिक क्षेत्र, मंडी बोर्ड में विवाद से विश्वास स्कीम, एक करोड़ से अधिक निवेश करने वाले ऑयल उद्योगों को डैडम् पॉलिसी में शामिल करना, प्रदेश में एमएसएमई के लिए क्रय नीति में 50 प्रतिशत का आरक्षण, राज्य शासन द्वारा जारी टेंडर में एमएसएमई के लिए ईएमडी खत्म करना आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें की मुख्यमंत्री द्वारा कुछ बिंदुओं के निराकरण हेतु त्वरित रूप से तो मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी को निर्देशित किया गया एवं अन्य बिंदुओं पर शीघ्र ही चर्चा करके निराकरण का आश्वासन दिया गया। लघु उद्योग भारती द्वारा 16-18 दिसंबर तक कटनी में राष्ट्रीय स्तर का ट्रेड फेयर आयोजित किया जा रहा है, जिसके ब्रोशर का विमोचन भी सीएम द्वारा किया गया। ट्रेड फेयर के उद्घाटन में कटनी आने की सहमति भी सीएम द्वारा प्रदान की गई। सीएम द्वारा लघु उद्योग भारती से यह चर्चा की गई कि प्रदेश सरकार उद्यमियों के लिए हर तरह की मदद के लिए तैयार खड़ी है और जहां भी उन्हें तकलीफ आएंगी उसे जल्द से जल्द दूर किया जावेगा।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/-
3 दिन – 250/-
7 दिन – 500/-
15 दिन – 1200/-
30 दिन – 1800/-
साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

हरमनप्रीत का शतक

रेणुका का चौका, भारतीय महिला टीम ने 23 साल बाद इंग्लैंड में जीती वनडे सीरीज

नई दिल्ली ,एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 143) के बाद तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर (4 विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को सेंट लॉरेंस ग्राउंड पर खेले गए दूसरे वनडे में मेजबान इंग्लैंड को 88 रन से हरा दिया। भारत ने पहला वनडे भी सात विकेट से जीता था और अब उसने दूसरा वनडे भी जीतकर इंग्लैंड में 23 साल बाद वनडे सीरीज जीत ली है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इससे पहले 1999 में इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीती थी। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर बनाया, जोकि वनडे क्रिकेट के इतिहास का उसका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की टीम इस बड़े स्कोर के सामने पूरे ओवर भी नहीं खेल पाई और 44.2 ओवर में 245 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम के लिए डेनियल व्याट ने सबसे ज्यादा 65 और एलिसे केप्सी तथा एमी जोंस ने 39-39 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से रेणुका के चार विकेटों के अलावा दीप्ति शर्मा और डी हेमलता को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर बनाया। भारत को इस स्कोर तक पहुंचाने में कप्तान हरमनप्रीत कौर का अहम योगदान रहा, जिन्होंने अपने करियर का पांचवां शतक जमाया। हरमनप्रीत कौर ने 100 गेंदों पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से अपनी सेंचुरी पूरी की। उन्होंने मुकाबले में 143 रन की नाबाद पारी खेली। हरमनप्रीत ने इस दौरान 111 गेंदों पर 18 चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 80 रन जोड़े और 50 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 333 रन बनाए। पूजा वस्त्राकर ने 18(16) और दीप्ती शर्मा ने 15(09) रन का योगदान दिया।

भारतीय बल्लेबाजों का ऐसा खौफ, 11 गेंदों में खत्म हुआ ओवर

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाये जाने पर भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (08) एक बार फिर जल्दी पवेलियन लौट गईं। स्मृति मंधाना ने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए 51 गेंदों पर 40 रन बनाए और यस्तिका भाटिया (26) के साथ दूसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। स्मृति और यस्तिका के आउट होने के बाद हरमनप्रीत ने मोर्चा संभाला और हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिये 113 रन की विशाल साझेदारी की। हरलीन ने अपना पहला वनडे अर्द्धशतक जड़ते हुए 72 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 58 रन बनाए। हरलीन के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने पारी की रफ्तार बदली और अपना पांचवां वनडे शतक पूरा किया। हरमनप्रीत ने 111 गेंदों पर 143 रन की अपनी नाबाद पारी में 18 चौके और चार छक्के जड़े। इंग्लैंड की ओर से लौरेन बेल, केट क्रॉस, फ्रेया केंप, शारलोट डीन और सोफी एकलेस्टन ने एक-एक विकेट निकाला। केंप (10 ओवर, 82 रन) और बेल (10 ओवर, 79 रन) इंग्लैंड के लिए महंगी साबित हुईं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 खेल सकते हैं जसप्रीत बुमराह

नई दिल्ली , एजेंसी। जसप्रीत बुमराह यकीनन वर्तमान में सभी प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। उनके चोटिल होने की वजह से टीम इंडिया को एक बेहतर तेज गेंदबाज की काफी कमी खल रही है। इसका उदहारण हमें एशिया कप 2022 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली टी20 मैच के दौरान देखने को मिला। पहले टी20 में टीम इंडिया 208 रन के स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाई। मगर अब सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले अच्छी खबर यह आ रही है कि बुमराह को नागपुर टी20 की प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है। बता दें, बुमराह पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से मोहाली में नहीं खेले थे। क्रिकबज से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नागपुर टी20 में बुमराह के चयन पर कहा च्टीम प्रबंधन उन्हें लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती यही वजह है कि बुमराह मोहाली टी20 नहीं खेले थे। मगर वह नेट्स पर पूरी धमाकेदार गेंदबाजी कर रहा है और वह एक्शन के लिए तैयार है। अगर जसप्रीत बुमराह की नागपुर टी20 में वापसी होती है तो उमेश यादव का बाहर जाना तय है। दरअसल, उमेश आगामी वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं है, उन्हें मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया गया है जो सीरीज शुरू होने से पहले कोविड-19 की चपेट में आए थे। इंग्लैंड दौरे पर चोटिल होने के बाद जसप्रीत बुमराह टीम से बाहर चल रहे हैं। वह वेस्टइंडीज दौरे के साथ एशिया कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे। ह्ष्ट में रिहैब पूरा कर अब बुमराह वापस टीम के साथ जुड़ गए हैं। वहीं टीम के हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने बुमराह की चोट को लेकर कहा च्हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं और वह हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण हैं। थोड़ी बहुत चिंताएं हो सकती हैं (गेंदबाजी के बारे में), लेकिन इसमें कोई समस्या नहीं है। हमें अपने खिलाड़ियों पर भरोसा करना है। ये देश में सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं और इसलिए वे टीम में हैं। जसप्रीत के वहां नहीं होने से काफी फर्क पड़ता है। वह चोट के बाद वापसी कर रहे हैं, उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें वापसी के लिए पर्याप्त समय मिले और उनपर ज्यादा दबाव नहीं डाला जाए।

उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर हुए 56 मिलियन फॉलोअर्स, कृति सेनन रश्मिका मंदाना को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। उर्वशी रौतेला, जो सबसे कम उम्र की बॉलीवुड सुपरस्टार हैं और वर्तमान में बॉलीवुड इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा चर्चे में रहने वाली अभिनेत्री है। मिस यूनिवर्स जज बनकर उन्होंने भारत को हर स्तर पर गौरवान्वित किया है। उर्वशी रौतेला वह एक ऐसी स्त्री है जिसने ग्लोबल स्तर पे अपनी पहचान वैश्विक ख्याति है और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड को संभाल लिया है। इंस्टाग्राम पर 56 मिलियन फॉलोअर्स के साथ, वह सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली एशियाई अभिनेत्री हैं। वह विश्व स्तर पर सबसे पसंदीदा हस्तियों में से एक है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की ताकत बन गई हैं। उर्वशी, जो हमेशा कई खिताब जीतती रही है, वह अपने कान्स रेड कार्पेट उपस्थितियों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्धि प्राप्त कर रही है। उर्वशी के बाद दिशा पाटनी के इंस्टाग्राम पर 53.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। तीसरे नंबर पर कृति सेनन हैं, जिनके करीब 50.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस बीच, सारा अली खान के 41.2 मिलियन, कियारा आडवाणी के 25.1 मीटर फॉलोअर्स और ब्लैक पिंक के ऑनलाइन 49.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पुरुष अभिनेताओं की बात करें तो, उर्वशी ने बॉलीवुड के भाईजान को पीछे छोड़ दिया, जिनके 54.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं, रणवीर सिंह 41.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ और कार्तिक आर्यन के 26.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उर्वशी के बाद दिशा पटानी के इंस्टाग्राम पर 53.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। तीसरे नंबर पर कृति सेनन हैं, जिनके करीब 50.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस बीच, सारा अली खान के 41.2 मिलियन, कियारा आडवाणी के 25.1 मिलियन फॉलोअर्स और ब्लैक पिंक के ऑनलाइन 49.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उर्वशी के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि उसने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ इसकी सराहना की है, और हमें उस पर अधिक गर्व नहीं हो सकता है। बता दें कि उर्वशी 365 दिनों के स्टार मिशेल मोरोन के साथ हॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही है, जिसे नेटफ्लिक्स, टॉमस मैंडेस द्वारा निर्मित किया जाएगा, और 365 दिनों के निर्देशक बारबरा बालोवास द्वारा निर्देशित किया जाएगा। उर्वशी जल्द ही जियो स्टूडियोज के इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री मर्चेंट ऑफ वेनिस पर आधारित विलियम शेक्सपियर की द्विभाषी थ्रिलर ब्लैक रोज में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। सुपरहिट थिरुट्टू पायले 2 की हिंदी रीमेक और जियो स्टूडियो और टी-सीरीज़ के साथ तीन-फ़िल्म का अनुबंध भी किया है। उर्वशी अपने अगले अंतर्राष्ट्रीय संगीत एकल में अंतर्राष्ट्रीय सुपरस्टार जेसन डेरुलो के साथ भी दिखाई देंगी।

ग्लैमर से मन भरा तो चले आध्यात्म की ओर

मुंबई, एजेंसी। टीवी सीरियलों की एक अभिनेत्री हैं नूपुर अलंकार। हाल में उन्होंने अभिनय का काम छोड़ दिया है और तमाम दुनियादारी से अलग हो गई हैं। यानी उन्होंने संन्यास ले लिया है। नूपुर का कहना है कि अब उनके भीतर अभिनय और ग्लैमर का कोई मोह नहीं रहा। वे काफी समय से अपने गुरु शंभू शरण झा के सामवेद ट्रस्ट से जुड़ी हुई थीं। लेकिन हाल की कुछ घरेलू घटनाओं से उनका मन अचानक ग्लैमर से पूरी तरह उचट गया। खास कर मां के निधन से वे टूट सी गईं। उन्होंने कहा कि जीवन में अब मुझे किसी चीज को खोने का भय नहीं रहा। नूपुर अलंकार 49 बरस की हैं। उनके पास काम की कोई कमी नहीं रही है। अलंकार श्रीवास्तव उनके पति हैं। पति की मर्जी से नूपुर ने संन्यास लिया है और सब कुछ भुला कर निकल पड़ी हैं हिमालय और उसमें स्थित तीर्थों की ओर। परदे की दुनिया में यह भी होता है। आप विनोद खन्ना को याद कर सकते हैं जिन्होंने अचानक फिल्में छोड़ दी थीं और ओशो यानी आचार्य रजनीश के पास अमेरिका चले गए थे। मगर कुछ साल बाद वे भारत लौट आए थे और फिर फिल्में करने लगे थे। इसी तरह शम्मी कपूर अपने आखिरी बरसों में फिल्मों से हटने के बाद गेरुए वस्त्रों में रहने लगे थे। उसी वेश में वे पत्रकारों से बात करते थे और फिल्मी व पारिवारिक कार्यक्रमों में जाते थे। मगर ग्लैमर से संन्यास में जाने का एक मामला पार्वती खान का भी था जिसे बहुत से लोग भूल गए हैं। त्रिनिडाड के पोर्ट ऑफ स्पेन में जन्मी यह मॉडल और गायिका मूल रूप से पार्वती महाराज थीं जिन्होंने साहित्यकार और फिल्मों में संवाद लेखक रहे राही मासूम रज़ा के बेटे नदीम खान से शादी की थी। उन्होंने 'डिस्को डांसर', 'लव लव लव' और 'मां कसम' आदि कई फिल्मों में गाने गाए थे। गायिका के तौर पर वे स्टेज शो भी किया करती थीं और नब्बे के दशक में उनका गाया 'दरवज्जा खुला छोड़ आई नींद के मारे' काफी लोकप्रिय हुआ था। लेकिन वे अचानक फिल्मों और स्टेज से गायब हो गई थीं। कई साल बाद खबर आई कि वे आध्यात्म की तरफ चली गई थीं। और फिर यह भी हुआ कि वे भारत आईं और देश की कई जेलों में उन्होंने कैदियों के बीच सत्संग किया। आप इसे प्रवचन भी कह सकते हैं। त्रिनिडाड और टोबैगो में वे बाद में भी सत्संग करती रही थीं।

महाकालेश्वर पहुंची एकता कपूर, गर्भगृह में किया जप, मंगलनाथ मंदिर में किया भात पूजन

उज्जैन, ईएमएस। छोटो पर्दे की क्वीन कही जाने वाली एकता कपूर मंगलवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर धाम पहुंची और बाबा महाकाल का पूजन कर आशीर्वाद लिया। एकता के साथ एक्ट्रेस रिद्धिमा डोगरा भी महाकाल मंदिर पहुंची।एकता कपूर सबसे पहले मंगल ग्रह की शांति के लिए विश्व प्रसिद्ध मंगलनाथ मंदिर पहुंची जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इस दौरान वह गर्भगृह में करीब तीन घंटे रुकीं और भात पूजन तथा मंगल नाथ का जाप किया। यहां से दोनों महाकालेश्वर मंदिर पहुंची के लिए रवाना हुई और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया साथ ही एकता और रिद्धिमा ने हरसिद्धि माता और काल भैरव के भी दर्शन किए। एकता ने काफी वक्त उज्जैन में बिताया लेकिन इस दौरान मीडिया से दूरी बनाए रखी। मंगलनाथ मंदिर के पुजारी विपिन शर्मा के मुताबिक एकता कपूर 2015 में भी मंगलनाथ का पूजन करने आई थीं। मंगल के विषय में उनका कोई कार्य था, उसी के लिए मंगल के जाप के साथ तीन घंटे तक पूजन किया। बता दें, देशभर में मंगल ग्रह की शांति के लिए मंगलनाथ में ही पूजा की जाती है। मंदिर के ऊपर से ही कर्क रेखा गुजरती है। यहां शिवलिंग के तौर पर मंगल ग्रह मौजूद है, जिसका भात पूजन किया जाता है।

राजू श्रीवास्तव मानते थे अमिताभ बच्चन को भगवान, इस वजह से कई बार हुई थी पिटाई

मुंबई,ईएमएस। मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के निधन से सिनेमाजगत में शोक की लहर है। बीते कई दिनों से मौत से जंग लड़ रहे राजू ने 21 सितंबर को दुनिया को अलविदा कह दिया। राजू श्रीवास्तव के गुजर जाने के बाद से ही सेलेब्स और उनके फैन्स उन्हें सोशल मीडिया पर याद कर रहे हैं और दिवगंत कॉमेडियन को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। राजू श्रीवास्तव ने अपनी मेहनत के दम पर अपने लिए एक बड़ा मुकाम हासिल किया था। राजू कई लोगों के आइडल थे लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो अमिताभ बच्चन को अपना भगवान मानते थे?राजू श्रीवास्तव की जिंदगी में अगर कोई सबसे खास व्यक्ति था, तो वह शायद अमिताभ बच्चन थे। बच्चन की वजह से ही वह मुंबई आए, हास्य कला की दुनिया में खुद को स्थापित किया और उनका हस्ताक्षर आज भी श्रीवास्तव के घर में संजोकर रखा गया है। राजू श्रीवास्तव का बुधवार को दिल्ली के एक अस्पताल में 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। राजू श्रीवास्तव के भाई दीपू ने कहा कि बच्चन उनके लिए भगवान थे।

बच्चन की एक झलक के लिए पहुंचे मुंबई

अपने गृहनगर कानपुर के एक सिनेमाघर में अमिताभ बच्चन की फिल्म देखते-देखते बड़े हुए राजू श्रीवास्तव ने अभिनेता के साथ अपनी समानता पर गौर किया और फिर उनकी नकल करने लगे। साल 1982 में जब कुली फिल्म की शूटिंग के दौरान बच्चन को भीषण चोट लगी तब महज 18 वर्ष की आयु में राजू श्रीवास्तव मुंबई पहुंच गए। वह बच्चन की एक झलक पाना चाहते थे। राजू श्रीवास्तव को अमिताभ की झलक देखने को नहीं मिली तो वह ब्रीच कैंडी अस्पताल में ताक लगाए बैठी भीड़ में शामिल हो गए, जहां शहंशाह भर्ती थे।

स्टेश के पुल और पार्क में थे सोते

राजू श्रीवास्तव के भाई दीपू ने पीटीआई-भाषा से कहा, राजू भाई रोजाना अस्पताल के बाहर खड़े हो जाते और बच्चन जी के लिए कामना करते। वह अमिताभ बच्चन जी को देखने आए थे क्योंकि वह उन्हें भगवान मानते थे। अमिताभ बच्चन ठीक होकर सेट पर लौट गए। और श्रीवास्तव ने यहीं रहकर मनोरंजन उद्योग में करियर बनाने का फैसला किया, जिसने उनका जीवन बदल दिया। दीपू ने कहा, वह दादर स्टेशन के पुल और पार्कों में सोते थे और झोपड़पट्टी में रहते थे। वह शहर में होने वाले कॉमेडी शो के बारे में पता लगाने के लिए अखबारों के विज्ञापन खंगालते थे।

बच्चन की वजह से हुई पिटाई

बता दें कि दीपू खुद भी मुंबई में हास्य कलाकार हैं। दीपू ने अपने बचपन के वर्षों को याद करते हुए कहा कि राजू श्रीवास्तव बच्चन की एक भी फिल्म नहीं छोड़ते थे और फिल्म देखने के लिए स्कूल से भाग जाया करते थे। दीपू ने बताया, हमारी मां कई बार इसके लिए उनकी पिटाई कर चुकी थीं। स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वह उनकी (बच्चन की) नकल उतारते थे। कानपुर में जब भी किसी बारात में अमिताभ बच्चन के गाने बजते थे, तो वह नाचने लगते थे। दीपू ने कहा यह शायद उनकी नियति थी कि उन्हें एक कॉमेडी शो में अपने पसंदीदा अभिनेता की नकल उतारने का काम मिल गया। मुंबई में हुए ऐसे ही एक शो में टी-सीरीज के गुलशन कुमार मौजूद थे।

घर में संजोकर रखे हैं हस्ताक्षर

दीपू ने आगे कहा, च्भाई की कॉमेडी देखने के बाद, गुलशन कुमार ने उन्हें ऑडियो कैसेट शो हंसना मना है की पेशकश की। उन्होंने टी-सीरीज और वीनस जैसे लेबल के लिए ऐसे लगभग 25 से 30 शो किए।ज बाद के वर्षों में भी श्रीवास्तव का बच्चन के प्रति यह लगाव बरकरार रहा। दीपू ने बताया कि राजू श्रीवास्तव के घर में आज भी एक तय जगह पर बच्चन का हस्ताक्षर संजोकर रखा हुआ है। उन्होंने कहा, च्राजू भाई किसी भी शो के लिए जाने से पहले उनसे आशीर्वाद लेते थे।

राजनीति में भी सक्रिय रहे राजू

गौरतलब है कि दस अगस्त को दिल्ली के एक होटल में व्यायाम करते समय श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था और तब से वे वेंटिलेटर पर थे।राजू श्रीवास्तव कुछ समय तक समाजवादी पार्टी से जुड़े रहने के बाद 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। राजू श्रीवास्तव ने च्मैंने प्यार कियाज़, बाजीगर, बॉम्बे टू गोवा, च्आमदनी अठन्नी खर्चा रुपइय्या और मैं प्रेम की दीवानी हूं जैसी फिल्मों में अभिनय भी किया था।

अभिनेत्री को निशानेबाजी का शौक

मुंबई ,ईएमएस। निर्देशक राजू मुरुगन की 'जोकर' जैसी प्रशंसित फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली 'बिग बॉस' की प्रतिभागी और अभिनेत्री रम्या पंडियन ने निशानेबाजी खेल के प्रति आकर्षित हुई हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शनिवार को शूटिंग रेंज पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं और कहा कि जब अप्रत्याशित चीजें आपको आश्चर्यचकित करती हैं, तो ऐसा कुछ नहीं होता है। पिछले सप्ताहांत में मैंने राजशेखर पंडियन सर को धन्यवाद देते हुए एक नया पैशन अपनाया है। मुझे रेंज में रखने, मुझे सिखाने और मुझे प्रेरित करने के लिए धन्यवाद। मेरा पहली बार, वह भी एक बंदूक के साथ- एंटोलियो जोली, 175वीं वर्षगांठ संस्करण, दुनिया की एकमात्र सौ बंदूकों में से एक ङ्क यह एक अद्भुत अनुभव रहा है रॉयल पुदुक्कोट्टई स्पोर्ट्स क्लब, त्रिची में। एक महान मेजबान होने के लिए पृथ्वीराज तोंडईमन को धन्यवाद।और अब, आरपीएससी की एक मानद सदस्य मेरी कल्पना से परे है। अभिनेत्री ने शूटिंग रेंज में अपने फायरिंग शॉट्स की एक वीडियो क्लिप भी पोस्ट की। वीडियो में मशहूर प्रोड्यूसर राजशेखर पंडियन भी अभिनेत्री को गाइड करते नजर आ रहे हैं।

गजब का मुकाबला! 7 रन पर 6 विकेट गिरने के बावजूद ये टीम जीती मैच, 16 साल में पहली बार हुआ ये कारनामा

नई दिल्ली ,एजेंसी। क्रिकेट के मैदान पर आपने कई रोमांचक मैच देखे होंगे, मगर आज हम जिस मुकाबले के बारे में आपको बताने जा रहे हैं उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खिंचा है। इंग्लैंड में जारी काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन 2022 के दौरान एसेक्स बनाम लंकाशायर के बीच एक मैच खेला गया। यह मैच मात्र 750 गेंदों में खत्म हो गया और 2006 के बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे जल्दी खत्म होने वाला मुकाबला बन गया जिसमें सभी 40 विकेट गिरी हो। बात मुकाबले की करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लंकाशायर की टीम मात्र 131 रनों पर ढेर हो गई। टीम के हाईएस्ट स्कोरर टॉम बेली रहें जिन्होंने 24 रनों की पारी खेली। एसेक्स के लिए साइमन हार्मर ने सर्वाधिक 5 विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी एसेक्स की टीम के बल्लेबाजों ने भी निराश किया और पूरी टीम 107 रनों पर सिमट गई। इस छोटे से स्कोर के बावजूद लंकाशायर ने 24 रनों की लीड हासिल की। एसेक्स की पहली इनिंग में ऐलिस्ट कुक ने 40 रनों का योगदान दिया था, वहीं लंकाशायर के लिए टॉम बेली चमके जिन्होंने 5 विकेट चटकाए। 24 रन की लीड को आगे बढ़ाने के लिए जब लंकाशायर के बल्लेबाज उतरे तो उनका प्रदर्शन पिछली पारी के मुकाबले और निराशाजनक रहा। टीम ने मात्र 7 रन पर अपने 6 विकेट खो दिए थे, मगर निचले क्रम के बैटर्स की मदद से लंकाशायर दूसरी पारी में 73 रन बनाने में कामयाब रहा। लंकाशायर ने एसेक्स के सामने जीत के लिए 98 रनों का लक्ष्य रखा था। इस स्कोर के सामने एसेक्स की पूरी टीम 59 रन ही बना पाई और लंकाशायर ने मैच 38 रनों से अपने नाम किया। जॉर्ज बाल्डरसन ने इस दौरान 5 तो विल विलियम्स ने 4 विकेट चटकाए। एसेक्स बनाम लंकाशायर मुकाबले ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दिल्ली बनाम ओडिसा मैच का रिकॉर्ड तोड़ा। 2008 में इन दोनों टीमों के बीच खेले गया एक मैच 773 गेंदों में खत्म हुआ था।

ट्रेनें निरस्त होने से परेशान हो रहे यात्री, व्यापार पर पड़ रहा असर

कटनी-शहडोल रेलमार्ग पर अमरकंटक और सारनाथ एक्सप्रेस को छोड़कर लगभग सभी ट्रेनें निरस्त, जो चल रहीं, वो भी घंटों देरी से

कहीं इंटरलॉकिंग तो कहीं तीसारी और चौथी लाइन निर्माण के चलते रेल यातायात ठप्प

कटनी, यशभारत। रेलवे द्वारा इस समय कराए जा रहे प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते अधिकांश ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। ट्रेनों के निरस्त होने से सबसे ज्यादा परेशानी कटनी से शहडोल होते हुए बिलासपुर की यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही है। शहडोल मार्ग पर अमरकंटक, सारनाथ एक्सप्रेस और कुछेक ट्रेनों को छोड़कर बाकी सभी ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं, जिसमे जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, भोपाल बिलासपुर एक्सप्रेस, इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस, गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें शामिल है। ट्रेनों के निरस्त होने से सबसे ज्यादा परेशानी इस मार्ग पर डेली अप-डाउन करने वाले कर्मचारियों एवं व्यापारियों को हो रही है। ऐसे लोगों का कहना है कि रेलवे ने इस रूट पर चलने वाली लगभग सभी ट्रेनों को निरस्त कर दिया है, जिसकी वजह से आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कटनी से बिलासपुर के बीच प्रतिदिन चलने वाली मेमू ट्रेन भी पिछले कई दिनों से घंटों विलम्ब से चल रही है। इससे कटनी शहर के व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। कटनी में ज्यादातर व्यापारी उमरिया और शहडोल से खरीदी करने के लिए आते हैं, लेकिन ट्रेनों के निरस्त होने की वजह से व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इन ट्रेनों को किया गया रद्द

गाड़ी संख्या 18207/08 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 22909/10 बलसाड़-पुरी एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18213/14 दुर्ग-अजमेर
गाड़ी संख्या 20471/42 बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18573/74 विशाखापट्नम-भगतकी कोठी एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18233/34 नर्मदा एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18236/35 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 11265/66 जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18247/48 बिलापुर-रीवा एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 11651/52 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 20828/27 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 22165/66 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 22167/66 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18203/04 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18205/06 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 18201/02 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 12535/36 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस
गाड़ी संख्या 22867/68 दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस

जबलपुर संतरागाछी एवं शालीमार-भुज सहित कई ट्रेनें रद्द

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के रायगढ़-झारसुगुड़ा रेलखण्ड पर चौथी रेल लाइन के कार्य के तहत ईब स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य 21 से 29 सितम्बर तक किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाड़ियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। रेल विकास से संबधित इस कार्य के दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसमे गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर संतरागाछी साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 22 एवं 29 सितंबर तथा गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 21 एवं 28 सितंबर, गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस 21 एवं 28 सितंबर बुधवार तथा गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस 22 एवं 29 सितंबर गुरुवार, गाड़ी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस 24 सितंबर तथा गाड़ी संख्या 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस 27 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस 24 सितंबर तथा गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस 25 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

दो ट्रेनें, वो भी रात के समय

यात्रियों ने बताया कि कटनी-शहडोल मार्ग पर इस समय केवल दो ही ट्रेनों का परिचालन प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसमे भोपाल से चलकर कटनी साऊथ होते हुए दुर्ग तक जाने वाली 12854 भोपाल दुर्गअमरकंटक एक्सप्रेस एवं छपरा से कटनी जंक्शन होते हुए दुर्ग तक जाने वाली15159 सारनाथ एक्सप्रेस शामिल है। इन दोनों ट्रेनों का परिचालन रात के समय में ही होता है। जिसमे सारनाथ एक्सप्रेस रात 08:45 बजे कटनी जंक्शन एवं अमरकंटक एक्सप्रेस 11.05 बजे कटनी साऊथ स्टेशन से दुर्ग के लिए रवाना होती है।

जागरुकता : पार्षद पति ने भरे सड़क के गड्ढे

कुठला की सड़क खराब होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। निगम प्रशासन की उदासीनता के चलते लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिसके चलते आज सुबह वार्ड नंबर 3 की पार्षद सरला मिश्रा के पति संतोष मिश्रा ने जागरूकता का परिचय देते हुए पत्थरों से जानलेवा गड्ढों को भरा। उनकी इस पहल की राहगीरों ने सराहना की।

निजी अस्पतालों को प्रशासन ने दिया एक महीने का समय

कटनी, यशभारत। शहर में नियमों को ताकपर रखकर संचालित 10 निजी अस्पतालों में मरीजों की भर्ती पर रोक लगाने के मामले में प्रशासन ने नर्सिंग होम्स संचालकों की बात मानते हुए उन्हें एक महीने का समय दिया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विधायक संदीप जायसवाल की उपस्थिति में कलेक्टर ने निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की बैठक ली। इस दौरान डॉक्टरों ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि 100 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार हो रही जांच में 90 फीसदी अस्पताल बंद हो जाएंगे। संचालकों ने कहा कि उनसे फायर ऑडिट रिपोर्ट, इलेक्ट्रिकल ऑडिट रिपोर्ट ले ली जाए और मोहलत दी जाए। इस मामले में प्रशासन ने निजी अस्पताल संचालकों को एक माह की मोहलत दे दी है। विदित हो कि निजी नर्सिंग होम संचालकों व डॉक्टरों की एक टीम ने विगत दिवस भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर समस्या बताई थी।

भरभराकर गिरा जर्जर मकान घंटाघर में टला बड़ा हादसा

जर्जर भवनों को चिन्हित करने के बाद नोटिस तक सिमटी निगम की कार्रवाई

कटनी, यशभारत। घंटाघर क्षेत्र में कल शाम उस समय अफरा तफरा की स्थिति निर्मित हो गई, जब कनकने स्कूल के सामने स्थित एक जर्जर मकान का कुछ हिस्सा भरभराकर गिर गया। छज्जा सहित मलबा सड़क पर गिरने से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और जर्जर मकान के गिरने वाले हिस्से को जेसीबी मशीन से तोड़कर अलग कराया। बताया जाता है कि कनकने स्कूल के सामने धर्मदास अग्रवाल का कई साल पुराना जर्जर मकान है। इस मकान में कई किरायेदार भी रह रहे थे। कई दिनों तक इस भवन में विवाद की स्थिति बनी रही। बुधवार की शाम जर्जर मकान का कुछ हिस्सा भरभराकर गिर गया। सूचना पर कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शाम साढ़े पांच बजे मकान का कुछ हिस्सा अपने आप गिरने की सूचना मिली। रात में या कभी भी जर्जर मकान के गिरने का अंदेशा था। ट्रेफिक को रोककर स्टाफ को बुलाते हुए जर्जर मकान को तोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा 59 जर्जर भवन घोषित किए गए हैं। बारिश के पहले या हादसे न हों इसको लेकर कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। आए दिन जर्जर भवनों के छज्जे टूटकर गिर रहे हैं लेकिन इन्हें ढहाने जिम्मेदार हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

हाईकोर्ट ने दिए टीआई को निलंबित करने के आदेश

दुष्कर्म के मामले में लापरवाही पड़ी भारी, एक साल में पेश नहीं की एफएसएल रिपोर्ट

कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत करीब एक साल पहले एक किशोरी के साथ हुए दुष्कृर्म के मामले की एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर हाईकोर्ट ने स्लीमनाबाद टीआई संजय दुबे को निलंबित करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को दिए हैं। विगत दिवस इस मामले की पेशी के दौरान माननीय न्यायाधीश ने एसपी को तलब करते हुए थाना प्रभारी की गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सस्पेंड करने एवं पूरे मामले की जांच कराए जाने के आदेश दिए। सूत्रों के मुताबिक हाईकोर्ट के निर्देश पर एसपी ने टीआई संजय दुबे को लाइन अटैच कर दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात घटित हुई थी। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट में चल रही है। इसमे आरोपी द्वारा जमानत के लिए आवेदन लगाया गया था। मंगलवार को जब हाइकोर्ट में प्रकरण की सुनवाई शुरू हुई तो एसपी सुनील कुमार जैन एवं टीआई संजय दुबे पेश हुए। माननीय न्यायाधीश ने दुष्कर्म के इस मामले में एफएसएल रिपोर्ट पेश नहीं होने और डीएनए नहीं कराए जाने पर कड़ी फटकार लगाई। इस मौके पर एसपी ने हाईकोर्ट को बताया कि रिपोर्ट 25 अक्टूबर 2021 को एसपी कार्यालय को प्राप्त हुई थी। एसपी कार्यालय से यह रिपोर्ट स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को 27 अक्टूबर 2021 को भेज दी गई थी, इसके बाद भी रिपोर्ट न्यायालय में पेश नहीं की गई। इस पर हाइकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की एवं मामले की जांच कराते हुए लापरवाही बरतने वाले अन्य पुलिस कर्मियों के साथ ही टीआई को निलंबित करने के निर्देश दिए।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

प्लाट बिकाऊ हैं
राय कॉलोनी, शांति नगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
मो. 9993705740

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

घंटाघर में जर्जर भवन ढहाने से परहेज कर रहा निगम प्रशासन

गंभीर दुर्घटना की आशंका, शराब दुकान में उमडती है भीड़, कई की जान को खतरा

कटनी, यशभारत। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित जर्जर भवनों से किसी भी दिन गंभीर हादसा घटित हो सकता है।। नगर पालिक निगम विगत दो दशकों से शहर के चिन्हित जर्जर भवनों की सूची तैयार करके रखे हुए हैं तथा पूरी फाइल धूल खा रही है। इसके बावजूद भी नगर निगम जर्जर भवनों को ढहाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। घंटाघर स्थित एक मार्केट के समीप जर्जर भवन को नहीं गिराया गया तो यहां से गुजरने वाले लोग गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। बताया जाता है कि इसी मार्ग पर शराब दुकान खुली हुई है। यहां से सुबह से लेकर शाम तक लोगों का अनवरत आना जाना होता है तथा मार्केट होने के कारण और लोडर ऑटो चालक सुबह से शाम तक यही से गुजरते है। जिस कारण दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा इस भवन को भी चिन्हित किया गया है और मकान मालिक को भी नोटिस जारी किया गया है, इसके बावजूद भी भवन को गिराने की कार्रवाई से क्यों परहेज किया जा रहा है यह समझ से परे है या फिर नगर निगम किसी गंभीर हादसे का इंतजार कर रहा है क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रीति सूरी तथा आयुक्त सत्येंद्र धाकड़े से अपेक्षा की है कि इस जर्जर भवन को तत्काल कार्रवाई करते हुए ढहाया जाए ताकि दुर्घटना का अंदेशा खत्म हो सके। इसके अलावा कोतवाली के सामने रेलवे स्टेशन रोड सहित शसर में दो दर्जन से अधिक भवनों की सूची निगम में लंबित पड़ी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)